अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना



गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 272 लखनऊ, मंगलवार, 21 अप्रैल 2026 पृष्ठ : 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे किसान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद के संबंध में बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों को राहत प्रदान की है। अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सभी जिलाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से इस निर्णय को लागू करने के निर्देश दिए हैं, जिससे किसान पूर्व की भांति सुगमता से अपनी उपज बेच सकें। विदित हो कि अभी तक सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेंचने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य था। अब सरकार ने इस अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। किसान अब बिना फार्मर रजिस्ट्री के सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेंच सकेंगे।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल जाएगा वॉशिंगटन

नई दिल्ली। भारत एवं अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह वॉशिंगटन पहुंचेगा। इस यात्रा का उद्देश्य लंबित मुद्दों का समाधान करना और व्यापार, निवेश तथा आर्थिक सहयोग को नई गति देना है। इसे दोनों देशों के लिए लाभकारी कदम माना जा रहा है। अमेरिका में भारत के राजदूत सर्जियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने इसे द्विपक्षीय समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में अहम कदम बताया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन करेंगे। उनके साथ सीमा शुल्क विभाग और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी शामिल होंगे।

### विपक्ष ने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था, महिला आरक्षण का नहीं : खरगे

कोलकाता। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि महिलाओं को विधानसभाओं और संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले संविधान संशोधन विधेयक को स्वयं प्रधानमंत्री ने खत्म किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था, महिला आरक्षण का नहीं। कूचबिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि यह आप ही हैं जिन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को समाप्त किया। हमने केवल परिसीमन विधेयक का विरोध किया था, महिलाओं को आरक्षण देने वाले विधेयक का नहीं।

## भारत-कोरिया मिलकर नए अवसर साकार करेंगे: मोदी

● भारत-दक्षिण कोरिया 2030 तक व्यापार को 50 अरब डॉलर तक ले जायेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और दक्षिण कोरिया ने अपने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को अपग्रेड करने के लिए बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई। यह निर्णय वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और व्यापारिक व्यवधानों के बीच दोनों देशों के आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने के उद्देश्य से लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग के बीच सोमवार को हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह घोषणा की गई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और अन्य महत्वपूर्ण समझौतों का आदान-प्रदान भी हुआ।



हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्नचिप्स से लेकर शिप्स, टैलेंट से लेकर टेक्नोलॉजी, एंटरटेनमेंट से लेकर एनर्जी–भारत और कोरिया मिलकर सहयोग के नए अवसरों को साकार करेंगे।ङ्क उन्होंने इस यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों के लिए ह्नमहत्वपूर्ण मोड़ङ्क बताते हुए कहा कि दोनों देश अपनी साझेदारी को एक ह्नभविष्य उन्मुखङ्क दिशा में ले जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और दक्षिण कोरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान में लगभग 27 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 50 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों देशों ने कई अहम कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की है, जिनमें ह्नभारत-कोरिया वित्तीय मंचङ्क की स्थापना भी शामिल है। डिजिटल और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए ह्नइंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिजङ्क पहल शुरू करने की घोषणा की गई है। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत और कोरिया के बीच हजारों वर्ष पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने अयोध्या की राजकुमारी सूरीरत्ना और कोरिया के राजा किम-सुरो की कथा का जिक्र करते हुए इसे साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत में कोरियाई पॉप संस्कृति और धारावाहिकों की लोकप्रियता बढ़ रही है, जबकि कोरिया में भारतीय सिनेमा और संस्कृति के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। दोनों देशों ने वर्ष 2028 में ह्नभारत-कोरिया मैत्री महोत्सवङ्क आयोजित करने की भी घोषणा की, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को और बढ़ावा मिलेगा।

वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत और कोरिया इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक समान दृष्टिकोण साझा करते हैं और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता तथा समावेशी विकास के लिए मिलकर काम करेंगे।

इस अवसर पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग ने कहा कि दोनों देशों का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा की और इस बात पर सहमति जताई कि वहां शांति और स्थिरता की बहाली वैश्विक अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। राष्ट्रपति ली ने जानकारी दी कि दोनों देशों के बीच इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्रणालियों को जोड़ने के लिए एक समझौता हुआ है, जिससे दोनों देशों के नागरिक एक-दूसरे के यहां यात्रा के दौरान स्थानीय क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग बढ़ाने और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं।

## पचपदरा रिफाइनरी में भीषण आग के बाद पीएम मोदी का लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित

जयपुर। राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा स्थित एचपीसीएल रिफाइनरी में सोमवार को भीषण आग लगने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंगलवार को होने वाला दौरा फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के लिए नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। घटना के कारणों का पता लगाने और आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने के लिए एक जांच शुरू की गई है। रिफाइनरी की कच्चे तेल को प्रोसेस करने वाली क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट और वैक्यूम डिस्टिलेशन यूनिट में आज दोपहर करीब ढाई बजे आग लग गई, जिससे पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। इस घटना का असर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे पर भी पड़ा है। प्रधानमंत्री को 21 अप्रैल को इसी रिफाइनरी यूनिट का लोकार्पण करना था, लेकिन आग की घटना के बाद कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

## आजम खान और अब्दुल्ला की सजा रहेगी बरकरार, सजा के विरुद्ध अपीलें खारिज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

रामपुर। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की अपीलों पर रामपुर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आजम खान और अब्दुल्ला आजम दोनों की सजा के विरुद्ध दायर की गईं अपीलें खारिज कर दीं। दोनों की सात सात साल की सजा बरकरार रखी है।

एडीजीसी सीमा राणा ने बताया कि दो पैन कार्ड मामले में सजा में बंद आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सजा को बरकरार रखा गया है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आज सजा के विरुद्ध उनकी अपीलों को खारिज कर दिया गया।

इस मामले में पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दोनों को सात-सात साल की सजा और 50-50 हजार रुपये के जुर्माने की



सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ बचाव पक्ष ने सजा के विरुद्ध अपील की थी, जबकि अभियोजन पक्ष ने सजा बढ़ाने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सेशन कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए सजा में कोई राहत नहीं दी। कोर्ट के इस निर्णय के बाद आजम खान और अब्दुल्ला आजम की सजा बरकरार रहेगी। वहीं इस मामले में स्टेट की तरफ से सजा बढ़ाने के मामले में पूर्व मंत्री काजिम अली खान उर्फ नावेद मियां ने एक रिवीजन दाखिल किया था जिसे सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया था, लेकिन हाई कोर्ट ने इसमें सुनवाई के वक्त उनका पक्ष भी सुनने के निर्देश सेशन कोर्ट को दिए हैं।

गौरतलब है कि रामपुर शहर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई, 2019 को थाना सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि अब्दुल्ला आजम ने नियमों का उल्लंघन करते हुए दो पैन कार्ड बनवाए। जांच के दौरान मामले में आजम खान की भूमिका सामने आने पर उन्हें भी आरोपी बनाया गया, जिसके बाद दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, अब्दुल्ला आजम ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दो अलग-अलग जन्मतिथि वाले पैन कार्ड बनवाए थे। इनमें से पहले में 01 जनवरी, 1993 और दूसरे में जन्मतिथि 30 सितंबर, 1990 दर्ज है।

## जनसेवा सरकार का कर्तव्य, इसी पथ पर चल रही सरकार : योगी

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में एक-एक फरियादी से मिलकर सुनीं समस्याएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से आए फरियादियों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के अंदर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा सरकार का कर्तव्य है और सरकार अपने कर्तव्य पथ पर चलकर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा कर रही है। हर उचित समस्याओं के समाधान के लिए सरकार संकल्पित है।

बरेली की रहने वालीं दीप्ति 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपना दर्द बयां किया। पीड़ित ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती है और ठेला लगाकर जीवनयापन कर रही है। आर्थिक विपन्नता के कारण बच्चों के लालन-पालन में काफी परेशानी हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बरेली के जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला की समस्या सुनकर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाते हुए स्थानीय स्तर पर समस्या का त्वरित समाधान कराएं। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता को देखकर दीप्ति की आंखें भर आईं। चेहरे पर खुशी का भाव लिए हुए उन्होंने जाते-जाते मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और उन्हें ढेर सारी दुआएं भी दीं।



'जनता दर्शन' में कुछ लोगों ने आवास की मांग से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने उनकी बातें सुनते हुए आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करा रही है। योगी ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवेदकों का पत्र भेजते हुए उन्हें निर्देशित किया कि पात्रता के आधार पर इन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाएं। इन लोगों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। मुख्यमंत्री के पास कुछ लोगों ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल एस्टिमेट बनवाकर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आप परिजन की चिंता कीजिए, इलाज की चिंता सरकार करेगी। वहीं कुछ अभिभावकों ने आर्थिक परेशानी का जिक्र करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर चिंता जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी बच्चे का स्कूल नहीं छूटना चाहिए। बच्चे जहां पढ़ रहे हैं, वहीं उनकी शिक्षा जारी रहे, इसके लिए प्रबंधन से वार्ता कर बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए।

## स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● मीटरिंग का कार्य विभागीय नियंत्रण में कराने की मांग

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की निजी कम्पनियों द्वारा संचालित व्यवस्था उपभोक्ता हित में नहीं, बल्कि निजी कम्पनियों को लाभ पहुंचाने का माध्यम बन गए हैं। एडवांस्ड मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत मीटर खरीदने, लगाने, उनकी रीडिंग, रखरखाव और सम्पूर्ण संचालन का कार्य निजी कम्पनियों को सौंप दिया गया है, जिन्हें ए.एम.आई.एस.पी. (एडवांस मीटरिंग इंफ्राइस्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर) कहा जाता है। केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना से प्राप्त धन का उपयोग करते हुए इन्हीं निजी कम्पनियों द्वारा अरबों रुपये के मीटर खरीदे गए हैं और पूरा नियंत्रण उनके हाथ में दे दिया गया है। यह उपभोक्ताओं के हित में नहीं है अतः मीटरिंग का कार्य विभागीय नियंत्रण में ही कराया जाय।

संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटरिंग से जुड़ी वर्तमान व्यवस्था की शासन स्तर पर तत्काल उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा मीटरिंग का समस्त कार्य निजी कम्पनियों से वापस लेकर विभागीय नियंत्रण में दिया जाए, ताकि पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितैषी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि निजी कम्पनियों द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए, पहले से लगे मीटरों की स्वतंत्र जांच कराई जाए, उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा बिजली क्षेत्र के निजीकरण के निर्णय को वापस लिया जाए।



समिति ने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था में उत्पन्न अधिकांश समस्याएं इसी निजी सर्विस प्रोवाइडर की कार्यप्रणाली की खामियों का परिणाम हैं।

## सीडीएस पहुंचे लंदन, भारत-ब्रिटेन ने भविष्य के लिए तैयार रक्षा साझेदारी पर जोर दिया

● जनरल चौहान को रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज का भी टूर कराया जाएगा

एजेंसी

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान सोमवार को ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर पहुंच गए। लंदन में ब्रिटेन के सीडीएस एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन ने उनका स्वागत किया।



दोनों सैन्य अधिकारियों ने भारत-यूके की मजबूत और भविष्य के लिए तैयार रक्षा साझेदारी पर जोर दिया। सीडीएस जनरल चौहान ने ब्रिटेन में भारत के हाई कमिश्नर विक्रम के. दोराईस्वामी से भी बातचीत की।

## उप्र में 15 जिलाधिकारियों समेत 40 आईएएस अधिकारियों का तबादला

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में तबादला जारी है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें कई जिलों के जिलाधिकारी शामिल हैं। इससे पहले रविवार की देर रात को बड़े पैमाने में अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले हुए थे।

शासन की ओर से रविवार को जारी की गई सूची के आधार पर उन्नाव जिले के जिलाधिकारी गौरांग राठी को झांसी जनपद का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। विशेष सचिव ऊर्जा इंद्रजीत सिंह को सुल्तानपुर का जिलाधिकारी, सुल्तानपुर के जिलाधिकारी कुमार हर्ष को बुलंदशहर का जिलाधिकारी, विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक अन्नपूर्णा गर्ग को श्रावस्ती का जिलाधिकारी, झांसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आलोक यादव को शामली का जिलाधिकारी, शामली के जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान को सहारनपुर का जिलाधिकारी, हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नितिन गौड़ को अमरोहा का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

विशेष सचिव खाद्य एवं रसद अभिषेक गोयल को हमीरपुर का जिलाधिकारी, निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार सरनीत कौर ब्रोका को रायबरेली का जिलाधिकारी, अमरोहा की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स को फतेहपुर का जिलाधिकारी, हमीरपुर के जिलाधिकारी घनश्याम मीणा को उन्नाव का जिलाधिकारी, मैनपुरी के





जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह को लखीमपुर खीरी का जिलाधिकारी, औरैया के जिलाधिकारी डॉक्टर इंद्रमणि त्रिपाठी को मैनपुरी का जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव बृजेश कुमार को औरैया का जिलाधिकारी, सहारनपुर के जिलाधिकारी मनीष बंसल को आगरा का जिलाधिकारी और आगरा के जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बांगरी को मुख्यमंत्री का विशेष सचिव बनाया है।

आईएएस अधिकारी नितीश कुमार को प्रबंध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा से प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, बुलंदशहर की जिलाधिकारी श्रुति को प्रबंध निदेशक दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा का प्रभार सौंपा गया है। प्रतीक्षारत आईएएस आशुतोष निरंजन को परिवहन आयुक्त और परिवहन आयुक्त किंजल सिंह को सचिव माध्यमिक शिक्षा बनाया है।

लखीमपुर की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को देवीपाटन मंडल का मंडलायुक्त और देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील को प्रमुख सचिव एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग बनाया है। अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास तथा एनआरआई विभाग आलोक कुमार द्वितीय को अपर मुख्य सचिव एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग के प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है।

फतेहपुर के जिलाधिकारी रविंदर सिंह को विशेष सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, निदेशक यूपीनेडा, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश रिन्यूएबल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की जिम्मेदारी सौंपी है। झांसी के जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को विशेष सचिव पर्यटन और निदेशक पर्यटन, श्रावस्ती के जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पांडेय को निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, रायबरेली की जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को निदेशक बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा निदेशक राज्य पोषण मिशन, विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग और कुल सचिव डॉ. राममनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय लखनऊ अनीता वर्मा सिंह को विशेष सचिव खाद एवं रसद विभाग और नियंत्रक विधिक बाट माप का प्रभार सौंपा गया है। अमेठी के मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह को अपर निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, बसंत अग्रवाल अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हाथरस को निदेशक कर्मचारी राज्य बीमा योजना श्रम चिकित्सा सेवाएं, सौम्या पांडेय को अपर श्रमायुक्त व निदेशक कर्मचारी राज्य बीमा योजना श्रम चिकित्सा सेवाएं को निदेशक कर्मचारी राज्य बीमा योजना श्रम चिकित्सा सेवाएं उत्तर प्रदेश के प्रभार से अवमुक्त कर दिया गया है।

झांसी के मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद को अपर श्रमायुक्त कानपुर नगर, हापुड़ के मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ हिमांशु गौतम को झांसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी बहराइच से मुकेश चंद्र को हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी बदायूं से केशव कुमार को कुलसचिव डॉक्टर राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, श्रुति शर्मा को संयुक्त मजिस्ट्रेट देवरिया से मुख्य विकास अधिकारी हापुड़, गामिनी सिंगला को संयुक्त मजिस्ट्रेट सुल्तानपुर से मुख्य विकास अधिकारी बदायूं, सुनील कुमार धनवंता को संयुक्त मजिस्ट्रेट आजमगढ़ को मुख्य विकास अधिकारी बहराइच, पूजा साहू को संयुक्त मजिस्ट्रेट चित्रकूट से मुख्य विकास अधिकारी अमेठी और रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड को संयुक्त मजिस्ट्रेट गाजीपुर से झांसी जिले का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है।

# गुरु गोरखनाथ की तपोस्थली गोरखगिरि बनेगी वैश्विक आकर्षण का केंद्र : जयवीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। वीरों की धरती बुंदेलखंड के महोबा स्थित गोरखगिरि पर्वत अब प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। 'स्वदेश दर्शन 2.0' योजना के तहत करीब 11.21 करोड़ रुपये की लागत से यहां पर्यटन विकास कार्य पूरा हो चुका है। इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, क्षेत्र में पर्यटन को नई गति मिलने की संभावना है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि महोबा में स्थित गोरखगिरि अब आध्यात्मिक पर्यटन का नया हॉटस्पॉट बनने जा रहा है। यह परियोजना न सिर्फ श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं देगी, बल्कि गुरु गोरखनाथ से जुड़े इस पवित्र स्थल की समृद्ध विरासत को संरक्षित करते हुए उसे वैश्विक पहचान भी दिलाएगी। पर्यटन मंत्री के मुताबिक, साल 2025 में ही महोबा में करीब 28 लाख पर्यटक पहुंचे, जो इस क्षेत्र की बढ़ती लोकप्रियता और संतुलित विकास का बड़ा प्रमाण है। महोबा के गोरखगिरि में पर्यटन का नया अध्याय लिखा गया है। पर्यटन परियोजना के तहत शिव तांडव मंदिर और गोरखगिरि मंदिर का कायाकल्प किया गया। पर्यटक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए आधुनिक शौचालय, पर्यटक सुविधा केंद्र और स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए वेंडर कियोस्क भी विकसित किया गया है। आगंतुकों की आध्यात्मिक शांति के लिए ध्यान केंद्र और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए ओपन थिएटर इस स्थल की खास



पहचान बनेंगे। आकर्षक मुख्य प्रवेश द्वार के साथ भीतर और बाहरी मार्गों का सुव्यवस्थित निर्माण कर पूरे परिसर में आवागमन को आसान और सुगम बनाया गया है। उन्होंने बताया कि गोरखगिरि परियोजना सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बुंदेलखंड की स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगी। परियोजना अंतर्गत वेंडर कियोस्क एवं अन्य गतिविधियों के जरिए स्थानीय कारीगरों और छोटे व्यवसायियों को अपने उत्पाद बेचने का मंच मिलेगा। इससे उनकी आय बढ़ेगी। साथ ही, पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस परियोजना से बुंदेलखंड के आर्थिक विकास को मजबूती मिलने की उम्मीद है। गोरखगिरि पर्वत स्थानीय परंपराओं में गहरे आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व का केंद्र रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम, जानकी और लक्ष्मण के साथ महोबा स्थित गोरखगिरि पर्वत पर काफी समय तक रुके थे। कालांतर में यह पर्वत गुरु गोरखनाथ की तपोस्थली के रूप में प्रसिद्ध हुआ। गुरु गोरखनाथ, नाथ संप्रदाय के महान संत के रूप में प्रतिष्ठित हैं। अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि 'गोरखगिरि परियोजना प्रदेश सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। उनके मुताबिक यह पहल न सिर्फ आध्यात्मिक विरासत को सहेज रही है, बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा दे रही है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक सुविधाओं के जरिए खासकर बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र को विशिष्ट पहचान मिल रही है, जो आगे चलकर वैश्विक स्तर पर बुंदेली संस्कृति के वाहक बनेंगे।'

# अग्निकांड प्रभावित परिवारों को जल्द पुनर्वास कराएं सरकार : अजय राय

- कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने लखनऊ अग्निकांड प्रभावित परिवारों से मिले, राशन भेंट कर लिया हालचाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने सोमवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकास नगर क्षेत्र स्थित टेढ़ी पुलिया पहुंचकर हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों का हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। अजय राय ने अग्निकांड में हुए नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। इस अवसर पर उन्होंने प्रभावित परिवारों को राशन, कपड़े, खाने पीने की राहत सामग्री भी वितरित की तथा उनके पुनर्वास की दिशा में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार से मांग की, कि अग्निकांड से प्रभावित सभी परिवारों को जल्द से जल्द समुचित आर्थिक सहायता, आवास और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि वे सामान्य जीवन में वापस लौट सकें। इस दौरान पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद, मुकेश सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, आसिफ रिज़वी रिंकू, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ. अमित राय, अरशद खुर्शीद, कै. वंशीधर मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, हम्माम वहीद, आर्यन मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं स्थानीय कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने आरटीई के अनुरूप शैक्षणिक घंटों को निर्धारित कर एक स्थायी विद्यालय समायावधि तय करने की माँग उठाई

लखनऊ। राष्ट्रीय शैक्षिक महासघ उत्तर प्रदेश प्राथमिक संवर्ग ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक घंटों को आरटीई–2009 के अनुसार निर्धारित कर एक स्थायी विद्यालय समयावधि लागू करने की माँग की है। प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि बाल मनोविज्ञान के अनुसार विद्यालय का समय बच्चों की आयु और उनकी मानसिक तथा शारीरिक विकास की अवस्था पर निर्भर करता है। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से एक आदर्श समय सारिणी बच्चों की एकाग्रता और सीखने की क्षमता को ध्यान में रखकर बनाई जाती है। बच्चों की मानसिक ऊर्ज़ा सीमित होती है। इसलिए बहुत लम्बे समय तक स्कूल में रहना उनके लिए तनावपूर्ण होता है। प्रदेश महामंत्री प्रदीप तिवारी ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत एक शैक्षणिक सत्र में विद्यालयों में कार्यदिवसों एवं घंटों की संख्या निर्धारित की गयी है जो कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के लिए 200 कार्यदिवस और 800 घंटे एवं कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के लिए 220 कार्यदिवस और 1000 घंटे है। संगठना द्वारा माँग की गयी कि विद्यालय का समय ग्रीष्मकाल में प्रातः 7:30 से दोपहर 12 बजे तक साढ़े चार घंटे तथा शीतकाल में पाँच घंटे किया जाना उचित होगा जिससे प्रतिवर्ष प्रतिकूल मौसम में बार–बार समय परिवर्तन की आवशकता भी नहीं पड़ेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मांगपत्र प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग और महानिदेशक स्कूल शिक्षा को भेजा गया है।

### बढ़ी गर्मी, सीएम ने लिखी पाती: प्रदेशवासियों से खास अपील, सेहत का रखें ध्यान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल चुका है और सूरज की तपिश दिन–ब–दिन तेज होती जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम एक पाती लिखकर लोगों से सावधानी बरतने और अपनी सेहत का ध्यान रखने की अपील की है। सीएम योगी ने कहा, मौसम की तरह फसलों का भी चक्र होता है। रबी की फसलों की कटाई हो चुकी है। नई फसल की उपज एवं मौसमी फल आपका स्वाद बढ़ा रहे हैं लेकिन मौसम का चक्र अगर थोड़ा भी परिवर्तित हो जाए तो बाढ़, सूखा, अकाल से लेकर महामारी तक मनुष्यों के लिए अभिशाप बन जाती हैं। प्रकृति के स्वभाव के अनुरूप हर मौसम की तरह ग्रीष्म ऋतु आई है। बढ़ता तापमान हमें दुष्प्रभावों से बचने तथा अपनी तैयारियां पूरी करने का संदेश दे रहा है। प्रदेश के हर व्यक्ति का जीवन अनमोल है, इसलिए सरकार ने कड़कड़ाती ठंड की तरह प्रचंड गर्मी की मार से बचाने की भी तैयारी कर ली है। शासन के हर स्तर पर समन्वित और समयबद्ध कार्यवाही की गई है। बढ़ती गर्मी के कारण बिजली की मांग बढ़ी है। पीक डिमांड को ध्यान में रखते 34,000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने की तैयारी है। सभी थर्मल पावर प्लांट को उनकी पूरी क्षमता से संचालन की व्यवस्था की गई है। प्रदेशभर में पुराने मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने का कार्य तात्कालिक रूप से रोक दिया गया है। सड़कों पर पानी का छिड़काव, छायादार क्षेत्रों की व्यवस्था, श्रमिकों को थकावट, निर्जलीकरण एवं लू से बचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। औद्योगिक एवं निर्माण स्थलों पर स्वास्थ्य जांच शिविर स्थापित किए जाएंगे। हीट स्ट्रोक से प्रभावितों को तत्काल उपचार मिले इसके लिए अस्पतालों में विशेष व्यवस्था की गई है। तहसील, थाने, अस्पताल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क शीतल पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। भीषण गर्मी के बीच पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए प्राणी उद्यानों–अभयारण्यों में हीट–वेव एक्शन प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए हैं। गोशालाओं में हरे चारे–चोकर एवं पानी की उचित व्यवस्था रहेगी। एक दिन पहले भगवान परशुराम का प्रकटोत्सव एवं अक्षय तृतीया उत्साह से मनाया गया।भगवान परशुराम के आशीर्वाद से प्रदेश में सत्य, न्याय और धर्म की स्थापना हुई है, जो अक्षय है। अक्षय का भाव संस्कार, समर्पण और सेवा की अविनाशी परम्परा का परिचायक है।भीषण गर्मी मानवता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का अवसर है। घर केबाहर पशु–पक्षियों के लिएपानी रखें।आप भी पर्याप्त मात्रा में पानी, शिकंजी, छाछ या नारियल पानी पीते रहें।बच्चों एवं बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। सूती या खादी के ढीले वस्त्र पहनें। सबसे आवश्यक बात ऐसी कोई लापरवाही न करें, जिससे आग लगने का अंदेशा हो. अपना और अपनों का ख्याल रखें।

# नारी शक्ति वंदन के तहत प्रदेशभर में होगी 'जन आक्रोश रैली'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि विपक्ष की मानसिकता सदैव महिला विरोधी रही है और इन पार्टियों ने देश की आधी आबादी के हक और सम्मान पर हमेशा कुठाराघात किया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि नारी शक्ति के अपमान और विपक्ष के अड़ियल रवैये के खिलाफ प्रदेश सरकार 'नारी शक्ति वंदना' अभियान के तहत कल (मंगलवार) को एक विशाल 'जन आक्रोश रैली' का आयोजन करने जा रही है। श्री मौर्य ने बताया कि यह रैली उन ताकतों को जवाब देगी जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों को रोकने का काम किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की माताओं और बहनों के सर्वांगीण उत्थान और उन्हें विधायी कार्यों में उचित भागीदारी देने के लिए महिला आरक्षण बिल का मसौदा पटल पर रखा था। लेकिन, विपक्ष ने अपनी गहरी चालों और नकारात्मक राजनीति के जरिए इसे विफल करने का कुत्सित प्रयास किया। उन्होंने कहा कि ''विपक्ष की यह साजिश देश की नारी शक्ति को कमजोर करने की कोशिश थी, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। सपा के 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के नारे पर प्रहार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता अब इस खेल को पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ''आज समाज का हर वर्ग, हर धर्म और हर जाति के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ मजबूती से खड़े हैं। विपक्ष के पास न कोई विजन है और न ही जनता के प्रति ईमानदारी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से लेकर 'नारी शक्ति वंदना अधिनियम' तक महिलाओं को सशक्त बनाया है।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में फरियादियों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय सात कालिदास मार्ग पर आयोजित 'जनता दर्शन' में जन-सेवा और प्रशासनिक संवेदनशीलता की एक नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि उप मुख्यमंत्री ने औपचारिकताओं को परे रखते हुए स्वयं एक-एक फरियादी के पास जाकर, उनसे सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं को अत्यंत आत्मीयता के साथ सुना। प्रदेश के विभिन्न सुदूर जनपदों से आए सैकड़ों फरियादियों ने अपनी पीड़ा साझा की, जिस पर श्री मौर्य ने न केवल उन्हें ढांढस बंधाया, बल्कि समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर ही प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की। जनता दर्शन के दौरान बांदा जनपद से आए रामदत्त और ओम प्रकाश ने भूमि से दबंगों द्वारा किए गए अनाधिकार कब्जे को हटवाने की गुहार लगाई। वाराणसी से आए विजय शर्मा ने गंभीर बीमारी के उपचार के लिए चिकित्सा सहायता अनुदान और राजेंद्र कुमार ने जटिल भूमि विवाद के त्वरित निस्तारण का आग्रह किया। इसी क्रम में कानपुर देहात के दीपक कुमार ने अपने विरुद्ध दर्ज किए गए कथित फर्जी मुकदमे को निष्पक्ष जांच कर निरस्त कराने की अपील की, तो कासगंज के चंदन सिंह ने जमीन से जुड़े पुराने विवाद के न्यायसंगत निपटारे की मांग रखी। बदायूं जिले से आए फरियादियों की संख्या भी पर्याप्त रही, जिसमें राम विलास ने वैध विद्युत कनेक्शन होने के बावजूद दर्ज हुए मुकदमे की जांच कराने, चंद्रपाल ने बिजली संबंधी अन्य प्रकरणों और राम अवतार शाक्य ने अपनी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने का पत्र दिया। इसके साथ ही, बलरामपुर के राम अक्षयबर ने असाध्य रोग के इलाज के लिए आर्थिक मदद, फर्रुखाबाद की प्रेमवती शाक्य व सीतापुर के दीपू ने आवास दिलाने और महोबा के दयाशंकर ने अपनी पट्टे की जमीन को दबंगों के चंगुल से छुड़ाने की व्यथा सुनाई। इन तमाम प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने शासन की सक्रियता और संवेदनशीलता का परिचय दिया और कई जिलों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस कप्तानों से दूरभाष पर सीधी वार्ता की और निर्देश दिये कि धरातल पर पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय मिलना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि चिकित्सा सहायता, आवास और अंत्योदय से जुड़े मानवीय मामलों में तत्काल प्रक्रिया पूरी कर राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा और सरकार हर पात्र व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़ी है। श्री मौर्य के इस त्वरित, पारदर्शी और कड़े रुख ने न केवल प्रशासनिक तंत्र को जवाबदेह बनाया, बल्कि कैंप कार्यालय में मौजूद सैकड़ों लोगों के मन में न्याय के प्रति अटूट विश्वास भी जगाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाय।

## हम मातृशक्ति के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धः पंकज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार नारी नेतृत्व में विकास की पक्षधर है, जबकि विपक्ष आज भी संकीर्ण और पितृसत्तात्मक सोच में जकड़ा हुआ है। हम मातृशक्ति के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज आने गृह जनपद महराजगंज में मीडिया से खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि विपक्ष का दोहरा चरित्र बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर विपक्ष ने फिर स्पष्ट कर दिया कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण केवल राजनीतिक दिखावा है, जबकि भाजपा के लिए यह एक दृढ़ संकल्प और राष्ट्रीय मिशन है। आधी आबादी इसे भूल नही सकती। आगामी चुनाव में इन्हें सबक सिखाने का काम करेगी।

# वैश्विक मंच पर चमका यूपी, हर घर रोशनी की सरकार की नीति को मिली अन्तरराष्ट्रीय मान्यता

- नासा के वर्ल्ड नाइट मैप में उत्तर प्रदेश की दमक, ऊर्ज़ा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नासा की ओर से जारी वर्ल्ड नाइट मैप में उत्तर प्रदेश का दुनिया के सबसे अधिक रोशन क्षेत्रों में प्रमुखता से उभरना प्रदेश की विद्युत व्यवस्था के लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल रोशनी का आंकलन नहीं, बल्कि प्रदेश में बिजली की पहुंच, विश्वसनीयता और व्यापकता का अंतरराष्ट्रीय प्रमाण है। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश अब ऊर्ज़ा उपलब्धता के मामले में एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। इस वैश्विक मान्यता के पीछे प्रदेश सरकार की सतत प्रतिबद्धता और नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा के नेतृत्व में किए गए व्यापक सुधारों की अहम भूमिका रही है। राज्य में पिछले कुछ वर्षों में विद्युत उत्पादन क्षमता में रिकॉर्ड वृद्धि की गई है, जिससे बढ़ती मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। साथ ही, दीर्घकालिक ऊर्ज़ा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्रोतों से बिजली की उपलब्धता को भी मजबूत किया गया है। घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना की तीसरी इकाई का सफल सिंक्रनाइजेशन इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। ट्रांसमिशन और वितरण प्रणाली में अभूतपूर्व सुधार करते हुए प्रदेश में नई उपकेंद्रों की स्थापना, जर्जर लाइनों का आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक तकनीकों का समावेश किया गया है। इससे न केवल बिजली आपूर्ति अधिक स्थिर और निर्बाध हुई है, बल्कि लाइन लॉस में भी उल्लेखनीय कमी आई है, जो सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचा रही है। नासा का यह आकलन उत्तर प्रदेश की ऊर्ज़ा नीति, प्रबंधन क्षमता और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण की वैश्विक स्वीकृति है। यह उपलब्धि न केवल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, बल्कि भविष्य में ऊर्ज़ा क्षेत्र में और अधिक निवेश, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत आधार भी प्रदान करती है। राज्य सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि उपभोक्ताओं को अब अपनी बिजली खपत की रियल-टाइम जानकारी मिल रही है, वहीं विद्युत चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। प्रदेश में आज सबको बिजली, पर्याप्त बिजली और गुणवत्तापूर्ण बिजली का संकल्प साकार होता दिखाई दे रहा है। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होने से कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र को नई गति मिली है।

## हम विश्वगुरू नहीं हैं: मुरली मनोहर जोशी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी का बयान चर्चा का विषय बना हुआ है। संस्कृत भारती के कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विश्वगुरु शब्द के इस्तेमाल पर अपनी राय रखते हुए कहा कि भारत को खुद को अभी विश्वगुरु नहीं कहना चाहिए। हम विश्व गुरु नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत कभीश्विश्वगुरु रहा है और भविष्य में फिर बन सकता है, लेकिन वर्तमान स्थिति में ऐसा दावा उचित नहीं है। उनके मुताबिक यह लक्ष्य जरूर होना चाहिए पर इसे हासिल करने के लिए अभी काफी काम किया जाना बाकी है। इस संदर्भ में उन्होंने संस्कृत भाषा की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बताया। जोशी ने कहा कि संस्कृत संप्रेषण की दृष्टि से अत्यंत प्रभावशाली भाषा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि नासा के वैज्ञानिक भी संस्कृत की संरचना और क्षमता की सराहना करते रहे हैं। उनके अनुसार संस्कृत में वह शक्ति है जो विशाल ज्ञान को अत्यंत संक्षिप्त और सटीक रूप में प्रस्तुत कर सकती है।युवाओं को संदेश देते हुए मुरली मनोहर जोशी ने संस्कृत सीखने पर जोर दिया।

# योगी सरकार की योजनाओं से लाखों महिलाओं को मिला लाभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- योगी सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अपने कार्यकाल के पहले दिन से सक्रिय



लखनऊ। योगी सरकार अपने कार्यकाल के पहले दिन से ही प्रदेश की महिलाओं के उत्थान के लिए जोर-शोर से काम कर रही है। योगी सरकार के 09 वर्षों के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, सशक्तीकरण, स्वावलंबन, स्वास्थ्य समेत अन्य मुद्दे हमेशा प्राथमिकता में रहे हैं। योगी सरकार महिलाओं को हर तरीके से सशक्त बनाने के लिए नई योजनाओं को सामने लाती रही है। सरकार ने इन वर्षों में 01 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना और आंगनबाड़ी समेत अन्य योजनाओं के जरिए आधी आबादी का पूरा ध्यान रखा गया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हमेशा लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का पक्ष लिया। सीएम योगी की प्राथमिकताओं में महिलाओं की सुरक्षा भी सबसे अहम बिंदु रहा है। योगी सरकार ने बेटियों पर विशेष ध्यान दिया है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 85 लाख महिलाओं और बालिकाओं को भी जागरूक किया गया। वहीं 5 लाख 20 हजार से ज्यादा बेटियों का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराया गया। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बेटियां लाभान्वित हुईं हैं। योगी सरकार ने सबल नारी, प्रगति हमारी नारे को जमीनी हकीकत में बदला है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 2 लाख से ज्यादा महिलाओं को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाया। लखपति दीदी योजना के तहत 35 लाख को चिह्नित किया गया और 18.55 लाख महिलाएं लखपति की श्रेणी तक पहुंच पाईं। बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट (बीसी) सखी योजना ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को अहम जिम्मेदारी दी। इसके जरिए महिलाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में 42,711 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया। साथ ही 116 करोड़ रुपये का लाभांश अर्जित किया। योगी सरकार की पहल के बाद 15,409 विद्युत सखियों ने 3,207 करोड़ रुपये के विद्युत बिल कलेक्शन संबंधित काम किया और अपने लिए 41.3 करोड़ रुपये का कमीशन भी प्राप्त किया। योगी सरकार ने औद्योगिक क्षेत्र में भी काम करने वाली महिलाओं की भागीदारी को पंख दिए। योगी सरकार ने महिलाओं को नाइट शिफ्ट (शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक) काम करने की अनुमति दी गई। साथ ही सुरक्षित माहौल भी उपलब्ध कराया। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में जहां महिला श्रम बल की भागीदारी लगभग 13 प्रतिशत थी, अब बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई है। दूसरी तरफ निराश्रित महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने मासिक पेंशन में भी हर महीने 500 रुपये की वृद्धि की। इसे 01 हजार से बढ़ाकर 1500 रुपये मासिक किया गया, जिससे लाखों महिलाओं को सहारा मिल रहा है। योगी सरकार ने बीते 09 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी पेंशन राशि में 05 गुना तक वृद्धि की है। वहीं अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत 2 करोड़ 12 लाख बच्चे, गर्भवती और धात्री महिलाओं के जीवन में सुधार किया गया। राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं की सुरक्षा का भी ध्यान रख रही है। ऐसे में 181 महिला हेल्पलाइन के जरिए 8.42 लाख से ज्यादा महिलाओं को मदद पहुंचाई गई। जघन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को आर्थिक क्षतिपूर्ति देने के लिए 'रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष' की स्थापना की गई। इसके जरिए 14 हजार से ज्यादा पीड़िताओं को 511 करोड़ रुपये से अधिक की क्षतिपूर्ति की जा चुकी है।

# पिता ने दोस्त संग मिलकर की थी बेटी की हत्या, चेहरा तेजाब से जलाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक पिता ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बेटी की गला दबाकर हत्या की थी। इसके बाद उसके चेहरे को तेजाब से जला दिया, ताकि उसकी पहचान न हो सके। चिनहट थाना पुलिस ने सोमवार को इस घटना खुलासा करते हुए आरोपित पिता और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी दीक्षा शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि चिनहट के इमलीबाथम निवासी विजय चौबे ने 16 अप्रैल को बेटी के गायब होने की रिपोर्ट आईजीआरएस पर दी थी। अगले दिन पुलिस जांच को पहुंची और परिवार के बयान दर्ज किए। इसी बीच एक सूचना मिली कि बाराबंकी जिले में एक अज्ञात लड़की की लाश मिली हैं। उसकी हत्या के बाद पहचान छिपाने के लिए चहेरे पर एसिड डाल दिया। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही थी, तभी तमाम मिले जमीनी इनपुट के बाद पुलिस ने आवेदक विजय कुमार चौबे से पूछताछ कर गहनता से जांच की। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र करने के बाद शिकायकर्ता विजय कुमार चौबे से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने स्वीकारा कि जिस लड़की की लाश बाराबंकी में मिली है वह उसकी बेटी की है। वह अपनी बेटी की हरकतों से परेशान था इसलिए उसकी हत्या की योजना बनायी। घटना वाले दिन झाड़फूंक के बहाने बेटी को कार में बैठाकर राजस्थान ले जाने की बात कहकर घर से निकला। रास्ते में उसने अपने दोस्त मन्नान को भी कार में बैठाकर बाराबंकी पहुंचे। अंधेरी रात में सुनसान सड़क पाकर दोनों ने मिलकर बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में तेजाब डालकर चेहरा को जला दिया ताकि पहचान न हो सके। अपराध से बचने के लिए उसने बेटी के गायब होने की आनलाइन आईजीआरएस शिकायत की थी। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि आरोपित ने ही अपने साथी के साथ मिलकर बेटी की हत्या की थी। दोनों ने पहले गला दबाया फिर गमछे से गला कस दिया। जब उसे यकीन हो गया कि उसकी बेटी मर चुकी है तो उसने तेजाब डालकर जला दिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया और अब उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# पाली में नवनिर्मित बस स्टेशन का लोकार्पण, कई शहरों के लिए बस सेवा शुरू

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पाली/सवायजपुर (हरदोई)।** सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के पाली कस्बे में नवनिर्मित बस स्टेशन का लोकार्पण सोमवार को माण् परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह और विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बसों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न रूटों पर संचालन का शुभारंभ भी किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने पाली से जयपुर, दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, बरेली एवं सीतापुर सहित प्रमुख शहरों के लिए बस सेवाएं शुरू करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में इलेक्ट्रॉनिक बसों के संचालन के लिए पाली में चार्जिंग स्टेशन स्थापित कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र को आधुनिक परिवहन सुविधाओं से



जोड़ा जा सके। मंत्री ने बस स्टेशन परिसर में दुकानों के निर्माण के जरिए स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबंधक को दिए। उन्होंने कहा कि यह पहल क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगी। इस मौके पर सवायजपुर के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह 'रानू' ने कहा कि बस स्टेशन के शुरू होने से क्षेत्र के शैक्षिक, आर्थिक एवं कृषि क्षेत्र को गति मिलेगी तथा आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी, उपजिलाधिकारी शाहाबाद अंकित तिवारी, विधायक प्रतिनिधि डॉ रजनीश त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम रमेश कुमार, गन्ना समिति रूपापुर के चेयरमैन ओमप्रकाश मिश्र, मंडल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी, रोहित सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह, शिवम तिवारी, कुलदीप मिश्र, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय प्रधान, सभासद, क्षेत्र पंचायत सदस्य और पार्टी कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# परिवहन मंत्री ने रोडवेज बस स्टैंड का शुभारंभ किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना







**शाहाबाद (हरदोई)।** उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सोमवार को हरदोई रोड स्थित रोडवेज बस स्टैंड का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने शाहबाद से विभिन्न मार्गों पर संचालित होने वाली बसों की सूची भी उपलब्ध कराई। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार परिवहन मंत्री शाहजहांपुर से सीधे रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे। यहां पर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रजनी तिवारी अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहले से मौजूद थी। परिवहन मंत्री के पहुंचते ही गगन भेदी जय कारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। तत्पश्चात तालिया की गड़गड़ाहट के बीच परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने फीता काटकर रोडवेज बस स्टैंड का शुभारंभ किया। इस मौके पर परिवहन मंत्री ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। तत्पश्चात उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, जिला पंचायत सदस्य लाला राम राजपूत, आनंद गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुभाष रस्तोगी सुभाष सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गीत संगीत और प्रतिभा का संगम: सनशाइन कान्वेंट में वार्षिकोत्सव की धूम



दीप प्रज्वलित करते मुख्य अतिथि विधायक रामपाल वर्मा व अन्य फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना (हरदोई)।** कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सनशाइन कान्वेंट स्कूल में सोमवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया! कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया! इस दौरान विद्यालय प्रबंधकए शिक्षकए अभिभावक व क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे!

वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया! नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जहां मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी, वहीं वरिष्ठ छात्रों ने देशभक्ति गीत और नाटकों कर माध्यम से सामाजिक संदेश देने का प्रयास किया! मंच पर बच्चों का आत्मविश्वास और प्रतिभा देखने लायक रही! कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन ने कहा की शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों में सर्वांगीण विकास के लिए बेहद आवश्यक है! उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की! इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक और सह शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया! पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे! अभिभावक एवं अतिथियों ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की! कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर तालिया की गूंज से गूँजता रहा और उत्सव जैसा माहौल बना रहा है!

कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्य रूप युवा भाजपा नेता अरिजीत वर्मा विद्यालय प्रबंधक सुनील सोनी व्यपार मण्डल अध्यक्ष रवि गुप्ता मण्डल अध्यक्ष मयंक सिंह महामंत्री अजय बाजपेई प्रधान गीता पाल रोहित बाजपेई मो० शोएब अंकुल सोनी कुलदीप गुप्ता सहित कई अभिभावक व नगर क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहे!


## प्राथमिक विद्यालय खांड़ाखेड़ा, विकास खण्ड-कछौना, जिला-हरदोई

**नीलामी-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय हरदोई के आदेश की पत्रांक संख्या-एस.एस.ए./नि.का./जर्जर भवन/33665-73/2025-26 व श्रीमान् खण्ड शिक्षा अधिकारी महोदय विकास क्षेत्र-कछौना, हरदोई के आदेश की पत्रांक संख्या-548/बी.ई.ओ./जर्जर भवन/नीलामी/2025-26 के अनुपालन में दिनाँक-24.04.2026 को समय-11:00 बजे प्राथमिक विद्यालय खांड़ाखेड़ा के मूल भवन व भण्डार कक्ष की नीलामी की जानी है। जिसमें विद्यालय के जर्जर मूल भवन (2 कक्ष, 1 बरामदा व 1 प्रधानाध्यापक कक्ष) का न्यूनतम मूल्य रुपया-69778.00 व विद्यालय के एक भण्डार कक्ष का न्यूनतम मूल्य रुपया-17194.00 निर्धारित किया गया है। नीलामी में उच्चतम बोली लगाने वाले आवेदक को भवन दिए जायेंगें। अतः आप सभी अधिक से अधिक संख्या में नीलामी प्रक्रिया में भाग लेकर नीलामी प्रक्रिया को सफल बनायें।

**शर्तें:-**

1. बोली के समय पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड) लाना अनिवार्य है।
2. सफल बोलीदाता को निर्धारित राशि तुरन्त जमा करनी होगी।
3. नीलामी केवल भवनों की होगी, भूमि की नहीं।
4. दोनों भवनों के लिये अलग-अलग आवेदन करना होगा और दोनों की अलग-अलग बोली लगेगी।
5. नीलामी से सम्बन्धित अधिकार विद्यालय प्रशासन के पास सुरक्षित रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय कार्यालय मो0 नं0- 8318463590 से सम्पर्क करें।

**प्रधानाध्यापक**
प्राथमिक विद्यालय खांड़ाखेड़ा,
ब्लॉक-कछौना, जिला-हरदोई, उ0प्र0


## अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपना व अपने सम्बन्धी का नाम देख सकता है

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने सूचित किया है कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यकम-2026 के दृष्टिगत अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामवलियों का अन्तिम प्रकाशन 10.04.2026 को जनपद स्तर पर एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में एवं प्रत्येक पदाभिहित स्थलों पर करा दिया गया है। अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामवली जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय में, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में तथा जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह की अवधि के लिए निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। कोई भी मतदाता उक्त स्थलों पर जाकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में अपना अथवा अपने सम्बन्धी का नाम देख सकता है। उन्होने कहा है कि उक्त के अतिरिक्त जन.सामान्य द्वारा अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, हरदोई वेबसाइट मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ की वेबसाइट पर भी किया जा सकता है।

## सड़क पर दौड़ती कार बनी आग का गोला, बाल-बाल बचा चालक

**सुरसा (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** बिलग्राम मार्ग पर स्थित फर्दापुर क्षेत्र में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती सीएनजी कार में अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही क्षणों में कार आग का गोला बन गई, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, वैगनआर कार सड़क पर दौड़ रही थी, तभी अचानक उसमें आग लग गई। स्थिति भांपते हुए चालक ने तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचा ली। घटना के बाद सड़क पर चल रहे अन्य वाहन भी जहां के तहां रुक गए और मौके पर भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार में आग लगने के बाद तेज लपटें उठने लगीं और धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि वाहन में सीएनजी सिस्टम होने और भीषण गर्मी के चलते आग भड़कने की आशंका है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। समय रहते चालक और आसपास मौजूद लोगों ने दूरी बना ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। साथ ही वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों, विशेषकर सीएनजी सिस्टम की नियमित जांच कराते रहें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## धोखाधड़ी करके दो लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजयी निवासी एक कथित वाहन स्वामी पर धोखाधड़ी करके दो लाख रूपये ठगने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला बरुआ बाजार निवासी सुधीर श्रीवास्तव पुत्र राजेन्द्र श्रीवास्तव के अनुसार उन्होंने खेड़ा बीबी जयी निवासी साजिद पुत्र जलील उर्फ जल्लू ने कोतवाली शाहाबाद में खड़ी टाटा मैजिक गाड़ी को नीलामी में खरीदना बताया और कहा वह कि वह एआरटीओ हरदोई के यहां से गाड़ी उनके नाम ट्रांसफर कर देगा। दो लाख रुपए में सौदा हुआ। 40,000 रूपया साजिद को नगद दिया गया। उसके बाद एक लाख 60 हजार रुपया पत्नी के खाते से भुगतान किया गया। आरोप है कि उसके बाद भी गाड़ी के कागज साजिद द्वारा ट्रांसफर नहीं कराए गए। दो साल तक पैसा देने में साजिद आनाकानी करता रहा। ज्यादा दबाव बनाने पर साजिद ने एक्सिस बैंक का चेक दे दिया जो बाउंस हो गया। आरोप है कि साजिद ने जानबूझकर रूपये 200000 की ठगी की है। कोतवाली में आरोपी साजिद के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## बंदर पार्क सौंदर्याकरण पर जाम का धब्बा, अतिक्रमण से बेकाबू हालात

**पिहानी (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** ऐतिहासिक तीन बंदर पार्क पटेल चौक का सौंदर्गीकरण नगर पालिका की उपलब्धि है, लेकिन इसके आसपास लगने वाला भीषण जाम विकास पर सवाल खड़े कर रहा है। क्षेत्र में रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन और स्कूली छात्र,छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जाम का मुख्य कारण पार्क के आसपास फुटपाथों पर चाट-ठेले, खोखे और अन्य दुकानदारों द्वारा किया गया अस्थायी अतिक्रमण है। सड़क के दोनों ओर अवैध कब्जों के कारण यातायात



बाधित होता है, जिससे दिनभर जाम लगा रहता है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रशासन और नगर पालिका की कई चेतावनियों के बावजूद ठेले वाले अपनी जगह से नहीं हट रहे हैं। दूसरी ओर, ठेला संचालकों का कहना है कि जब तक उन्हें नगर पालिका द्वारा वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक वे अपना व्यवसाय जारी रखने को मजबूर हैं। इस अव्यवस्था के कारण सौंदर्याकरण का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। नागरिकों का कहना है कि जाम के कारण एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहनों को भी निकलने में कठिनाई होती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने और ठेला-खोमचा संचालकों के लिए एक अलग स्थान निर्धारित करने का आग्रह किया हैए ताकि यातायात सुचारू हो सके और पार्क का सौंदर्याकरण अपने उद्देश्य को पूरा कर सके। पिहानी कस्बे में यातायात जाम की यह समस्या बढ़ती जा रही है, जिस पर तत्काल ध्यान देना आवश्यक है।

## अनिवार्य रूप से गैस की होम डिलीवरी हो: एसडीएम



बैठक लेते हुए एसडीएम अंकित तिवारी फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**शाहाबाद (हरदोई)।** सोमवार की दोपहर तहसील सभागार मे उपजिलाधिकारी अंकित तिवारी द्वारा तहसील शाहाबाद के समस्त एलपीजी वितरकों के साथ बैठक की गई, जिसमें गैस वितरण संबंधित नियमावली 2000 के प्रावधानों के कड़ाई से अनुपालन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए।

**■ एलपीजी वितरकों की बैठक मे दिए गए सख्त निर्देश**

बैठक में एसडीएम ने कहा सभी वितरक उपभोक्ताओं को अनिवार्य रूप से होम डिलीवरी प्रदान करें तथा बिना उचित कारण के होम डिलीवरी से इंकार न किया जाए। किसी भी प्रकार की ओवरचार्जिंग पूर्णतः प्रतिबंधित है। निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। केवाइसी या नए कनेक्शन के नाम पर किसी प्रकार की अवैध वसूली न की जाए, क्योंकि यह आदेश के अंतर्गत प्रतिबंधित गतिविधि है। सभी वितरक प्रतिदिन के स्टॉक, बिक्री एवं वितरण का समुचित अभिलेख (रजिस्टर) संधारित करें, जिसमें ओपनिंग स्टॉक, प्राप्ति, वितरण एवं क्लोजिंग स्टॉक का विवरण स्पष्ट हो। वितरक अपने प्रतिष्ठान पर स्टॉक एवं मूल्य का स्पष्ट प्रदर्शन करेंए जिससे उपभोक्ताओं को पारदर्शी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा तीन दिन से अधिक पुरानी किसी भी गैस बुकिंग को लंबित न रखा जाए तथा उपभोक्ताओं को समयबद्ध सेवा प्रदान की जाए।

यह भी निर्देशित किया कि केवल पंजीकृत उपभोक्ताओं को ही गैस आपूर्ति की जाए तथा घरेलू गैस का दुरुपयोग व डायवर्जन पूर्णतः वर्जित है। किसी भी प्रकार की अनधिकृत गतिविधिए जैसे जबरन चूल्हा/उपकरण बिक्री, रिकॉर्ड में हेरफेर या आंशिक भरे सिलेंडर की आपूर्ति, पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त आदेश के उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस निरस्तीकरण एवं अभियोजन शामिल है। बैठक में पूर्ति निरीक्षक अशोक कुमार द्विवेदी ने भी वितरकों को आदेश के प्रावधानों की जानकारी देते हुए अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

## भीषण गर्मी के चलते विद्यालयों का हो समय परिवर्तन: अक्षत पांडेय



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बीएसए से मिलकर परिषदीय विद्यालयों के समय परिवर्तन की माँग की है। जिलाध्यक्ष अक्षत पांडेय ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी के चलते नन्हे मुँन्हे बच्चों को समस्याओं का सामना न करना पड़े इसलिए समय परिवर्तन किया जाना अति आवश्यक है। सोमवार को बीएसए को सौंप के पत्र में संघ जिला अध्यक्ष पांडेय ने कहा कि इस समय जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप

**■ संगठन के राष्ट्रीय व प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडेय के नेतृत्व प्रतिनिधि मंडल ने बीएसए को दिया ज्ञापन**

जारी है। जिससे परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति अक्सर बाधित रहती है। इसलिए भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए डीएम से वार्ताकार विद्यालयों के संचालन का समय ०7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किया जाए। प्रतिनिधि मंडल में जिला मंत्री विपिन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह उपाध्यक्ष ललित शुक्ला, रूपेश अवस्थी, अमित पांडे, हिमांशु श्रीवास्तव, अनंत राम पांडेय, धर्मेंद्र कुमार, क्षितिज मिश्रा, निष्कर्ष चंदेल, रमेश कुमार, अनिल कुमार, दिलीप कुमार सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा और चिकित्सा: पूरे पन्ने के विज्ञापन से आधी जिंदगी के सवाल

प्रतिदिन की भांति प्रातः नित्य कर्मों के पश्चात द्वार पर आए अखबार को उठाकर लाया और पढ़ना शुरू किया। पहले पृष्ठ पर ही एक नामी गरामी कोचिंग कंपनी का पूरे पृष्ठ का विज्ञापन छपा था,जिसमें अधिकांश प्रकाशित फोटो में लड़कियों के फोटो की संख्या लड़कों से अधिक थी जिससे यह तो सिद्ध होता ही था कि लड़कियां बनिस्बत लड़कों के पढ़ने में अधिक तेज होती हैं। जैसे ही उस पृष्ठ को पलटा, अगले पृष्ठ पर भी एक विज्ञापन था जो, पिछले पृष्ठ की भांति पूरे पृष्ठ पर था मगर अंतर केवल इतना ही था कि वह किसी बड़े निजी अस्पताल का था। जिसमें अस्पताल सर्व सुविधायुक्त होने के उल्लेख होने के साथ- साथ सारे रोगों की चिकित्सा के बारे में, आधुनिक तकनीक के साथ -साथ विख्यात विशेषज्ञ चिकित्सकों के नामों का उल्लेख था। देख कर मन में विचार आया कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी संस्थानों के विज्ञापनों ने किस प्रकार इतने बड़े- बड़े विज्ञापन दे कर लोगों पर मानसिक और आर्थिक दबाव बनाया हुआ है,क्योंकि यह विज्ञापन लाखों रुपए से कम में नहीं प्रकाशित होते। जो मरीजों और उनके परिजनों की जेबों से ही निकाले जाते हैं। इसके लिए इश अस्पतालों को झूठ का सहारा भी लेना ही पड़ता है। कोचिंग संस्थानों की बात करें तो कोटा,सीकर जैसे मंझौले शहरों में पूरे भारत देश से बच्चों को माता-पिता इस आशा से कोचिंग के लिए भिजवाते हैं कि उनके बच्चे कोचिंग से प्रतियोगी परीक्षाओं को अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण कर अपना भविष्य उज्जवल कर लेंगे,मगर होता क्या है? आए दिन खबर पढ़ने को मिलती है कि नीट या जेईई में भाग लेने वाले कोचिंग ले रहे बच्चे ने पढ़ाई के अत्यधिक दबाव से फांसी लगा ली या जहर खा कर जान दे दी। सोच कर देखिए बच्चे को पाल पोस कर बड़ा करना कितना दुष्कर होता है मंहगे निजी नामी ग़िरामी अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाना और इसके पश्चात लाखों रुपए देकर कोचिंग दिलवाना। एक मध्यम आय वर्ग के पिता पर कितना दबाव पड़ता होगा?आत्म हत्या की स्थिति कितनी मर्माहत होती होगी? मगर इस दुष्कर परिस्थिति से इन कोचिंग संस्थानों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता ये निर्बाध गति से चलते रहते हैं,बल्कि यूं कहें कि दौड़ते रहते हैं। पड़ोसी देश नेपाल में जेन जी आंदोलन के पश्चात जब नई सरकार का प्रादुर्भाव हुआ है ,नए प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह ने सर्व प्रथम सुधारात्मक कदम उठाते हुए निजी शिक्षा संस्थानों को पूरी तरह बंद करने की घोषणा की है ,जिसका नेपाल में उन सभी लोगों ने जो इस निर्णय के पक्ष में थे, स्वागत किया। इसके साथ ही हमारे देश में भी ऐसे ही कदम उठा कर राहत पाने की मांग उठने लगी है। देखा जाए तो यह सही भी लगता है। इससे बच्चों में समानता का भाव तो पनपेगा ही पालकों से शिक्षा के नाम पर हो रही लूट खसोट भी बंद होगी । जिससे मध्यम वर्ग और निचले तबके के लोगों को इस महंगी शिक्षा से बचे धन से स्वयं और परिवार का जीवन स्तर सुधारने में सहायता ही मिलेगी।शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त होंगे। शिक्षकों को समान वेतन मिलेगा,शिक्षा के अलग -अलग पाठ्यक्रम संचालित नहीं करने होंगे। इसी प्रकार चिकित्सा जगत में भी परिवर्तन की आवश्यकता है। चिकित्सा को देश में लालची पूंजीपतियों ने मानव सेवा क्षेत्र को एक उद्योग का रूप दे दिया है। मध्यम वर्ग के व्यक्ति अपनी चिकित्सा इन महंगे अस्पतालों में करवाने की प्रथम तो सोच नहीं सकते और कोई सोचता भी है तो उसके जीवन भर की कमाई यह अस्पताल चिकित्सा के नाम पर छीन लेते हैं। जब से सरकार ने आयुष्मान कार्ड जारी किया है, तब से तो इन अस्पतालों की तो और पो बारह हो गई है। जो अस्पताल इस योजना के लिए पात्र हैं, वे मरीज की चिकित्सा के नाम पर फर्जी बिल बना कर सरकारी खजाने को सेंध लगाकर लूटने में लगे हैं। पिछले दिनों मेरी एक परिचित से मुलाकात हुई।

> **पहले पृष्ठ पर ही एक नामी गरामी कोचिंग कंपनी का पूरे पृष्ठ का विज्ञापन छपा था,जिसमें अधिकांश प्रकाशित फोटो में लड़कियों के फोटो की संख्या लड़कों से अधिक थी जिससे यह तो सिद्ध होता ही था कि लड़कियां बनिस्बत लड़कों के पढ़ने में अधिक तेज होती हैं। जैसे ही उस पृष्ठ को पलटा, अगले पृष्ठ पर भी एक विज्ञापन था जो, पिछले पृष्ठ की भांति पूरे पृष्ठ पर था मगर अंतर केवल इतना ही था कि वह किसी बड़े निजी अस्पताल का था। जिसमें अस्पताल सर्व सुविधायुक्त होने के उल्लेख होने के साथ-साथ सारे रोगों की चिकित्सा के बारे में, आधुनिक तकनीक के साथ -साथ विख्यात विशेषज्ञ चिकित्सकों के नामों का उल्लेख था।**

## ज्ञान,संस्कार और चरित्र से ही श्रेष्ठ समाज और राष्ट्र का निर्माण

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है। किसी स्वस्थ,स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

> **प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है । विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना।**

## पेयजल का बढ़ता कारोबार : संकट, लापरवाही और भविष्य की चेतावनी

डॉ. लक्ष्मीनारायण वैष्णव

एक दिन पानी भी बिकेगा–कभी यह वाक्य सुनकर लोग मुस्कुरा देते थे, लेकिन आज यह हमारे समय की सबसे कड़वी सच्चाई बन चुका है। जिस जल को प्रकृति ने मानव जीवन के लिए सहज और निःशुल्क उपलब्ध कराया था, वही आज बाजार की वस्तु बन गया है। घरों के बजट में अब पानी भी एक आवश्यक खर्च बन चुका है। यह केवल आर्थिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक, पर्यावरणीय और नीतिगत संकट का स्पष्ट संकेत है। यदि हम स्वतंत्रता के बाद के भारत पर दृष्टि डालें, तो जल उपलब्धता में आई गिरावट चिंता का विषय है। वर्ष 1947 में प्रति व्यक्ति लगभग 6042 क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध था, जो समय के साथ घटकर 2001 में 1816, 2011 में 1545 और 2016 तक लगभग 1495 क्यूबिक मीटर रह गया। यह गिरावट केवल प्राकृतिक कारणों का परिणाम नहीं, बल्कि हमारी नीतिगत लापरवाही और संसाधनों के अनुचित प्रबंधन का दुष्परिणाम है। भारतीय संविधान नागरिकों को जीवन का अधिकार देता है, जिसमें स्वच्छ पेयजल भी एक अनिवार्य तत्व है। किंतु आज की वास्तविकता यह है कि नागरिकों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। जिन पूर्वजों ने कुएं, बावड़ियां, तालाब और प्याऊ बनाकर समाज को जल समृद्ध बनाया, उनके वंशज आज बोतलबंद पानी पर निर्भर हो गए हैं, यह एक विडंबनापूर्ण स्थिति है। आज भारत जल संकट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगीकरण और भूजल का अंधाधुंध दोहन इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। नदियां सिकुड़ रही हैं, भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और पारंपरिक जल स्रोत उपेक्षा के कारण समाप्त होते जा रहे हैं। देश में होने वाली वर्षा का लगभग 65 प्रतिशत जल बिना संग्रहण के समुद्र में चला जाता है। यदि इस जल का समुचित संचयन किया जाए, तो जल संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। किंतु इस दिशा में ठोस और दीर्घकालिक प्रयासों का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। जल संकट अब केवल संसाधन प्रबंधन का मुद्दा नहीं रहा, बल्कि यह जलवायु परिवर्तन से भी गहराई से जुड़ चुका है। कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ जैसी चरम स्थितियां देखने को मिल रही हैं। वर्षा का असंतुलन कृषि, पेयजल और ऊर्ज़ा उत्पादन तीनों को प्रभावित कर रहा है। यह स्थिति आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत देती है। पेयजल संकट ने एक विशाल बाजार को जन्म दिया है। बोतलबंद पानी, आरओ सिस्टम और टैंकर सप्लाई का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। यह विडंबना ही है कि जो जल जीवन का आधार है, वही आज लाभ कमाने का साधन बन गया है। एक ओर व्यवसायी इस संकट से लाभ कमा रहे हैं, वहीं आम नागरिक के लिए यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। इसके साथ ही दूषित जल के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिससे चिकित्सा खर्च भी बढ़ रहा है। इस प्रकार जल संकट अब सामाजिक असमानता और आर्थिक विषमता को भी बढ़ावा दे रहा है। जल संकट से निपटने के लिए जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल जीवन मिशन तथा अटल भूजल योजना जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनका उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना और भूजल स्तर को सुधारना है।हालांकि इन योजनाओं की सफलता उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। जब तक प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनसहभागिता का समुचित समन्वय नहीं होगा, तब तक अपेक्षित परिणाम प्राप्त करना कठिन रहेगा। भारत की पारंपरिक जल संरचनाएं–कुएं, तालाब, बावड़ियां–आज भी हमें जल संरक्षण का मार्ग दिखाती हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम इन पारंपरिक उपायों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ें। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाना, भूजल दोहन पर नियंत्रण, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता, ये सभी कदम अत्यंत आवश्यक हैं। इसके साथ ही कृषि और शहरी क्षेत्रों में जल के वैज्ञानिक प्रबंधन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे जुड़े तथ्य आज यही कहते हैं कि यदि वर्तमान स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो वर्ष 2050 तक प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1000 क्यूबिक मीटर से नीचे जा सकती है, जो गंभीर जल संकट की स्थिति होगी। अतः यह समय चेतने का है। पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। इसका संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि आज हमने जल संरक्षण को अपनी प्राथमिकता नहीं बनाया, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका भारी मूल्य चुकाना पड़ेगा।

> **वर्ष 1947 में प्रति व्यक्ति लगभग 6042 क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध था, जो समय के साथ घटकर 2001 में 1816, 2011 में 1545 और 2016 तक लगभग 1495 क्यूबिक मीटर रह गया। यह गिरावट केवल प्राकृतिक कारणों का परिणाम नहीं, बल्कि हमारी नीतिगत लापरवाही और संसाधनों के अनुचित प्रबंधन का दुष्परिणाम है। भारतीय संविधान नागरिकों को जीवन का अधिकार देता है, जिसमें स्वच्छ पेयजल भी एक अनिवार्य तत्व है। किंतु आज की वास्तविकता यह है कि नागरिकों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। जिन पूर्वजों ने कुएं, बावड़ियां, तालाब और प्याऊ बनाकर समाज को जल समृद्ध बनाया, उनके वंशज आज बोतलबंद पानी पर निर्भर हो गए हैं, यह एक विडंबनापूर्ण स्थिति है। आज भारत जल संकट की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण, औद्योगीकरण और भूजल का अंधाधुंध दोहन इस संकट को और गहरा कर रहे हैं। नदियां सिकुड़ रही हैं, भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और पारंपरिक जल स्रोत उपेक्षा के कारण समाप्त होते जा रहे हैं। देश में होने वाली वर्षा का लगभग 65 प्रतिशत जल बिना संग्रहण के समुद्र में चला जाता है।**

## स्टार्टअप की दुनिया और आज का नया भारत

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां नवाचार और उद्यमिता राष्ट्र निर्माण की धुरी बन चुकी हैं। देश में स्टार्टअप्स की तेजी से बढ़ती संख्या, उनके द्वारा सृजित रोजगार और वैश्विक स्तर पर उनकी पहचान इस बात का प्रमाण है कि भारत एक नए 'आर्थिक युग' में प्रवेश कर चुका है। इस संदर्भ में कहना होगा कि 16 जनवरी 2016 को शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने इस परिवर्तन को दिशा और गति प्रदान की है। इस पहल का उद्देश्य एक ऐसा मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना था, जहां नए विचारों को पंख मिलें, निवेश को प्रोत्साहन मिले और उद्यमियों को हर स्तर पर सहयोग प्राप्त हो सके। केंद्र की मोदी सरकार ने समय को पहचानते हुए नीतियों को सरल बनाया, वित्तीय सहायता, कर में छूट और बाजार तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया और एक नया क्षितिज अपने देश के युवाओं के लिए खोल दिया, जिनके लिए नवाचार से उद्यमिता में सफलता जैसे कोई स्वप्न था! वस्तुतः आज इस यात्रा का परिणाम हमारे सामने मौजूद है। वित्त वर्ष 2025-26 में 55,200 से अधिक स्टार्टअप्स को राज्यवार मान्यता मिल गई है। कह सकते हैं कि वर्ष 2026 से शुरू हुई स्टार्टअप्स की यात्रा में यह किसी एक वर्ष में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 36,400+ स्टार्टअप्स की तुलना में 51.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। यह आंकड़ा निश्चित ही उस विश्वास और ऊर्ज़ा का प्रतीक है, जो वर्तमान भारत के युवाओं में दिखाई दे रही है। यही कारण है, रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 4,99,400 प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित हुईं हैं, आंकड़ा कहता है कि यह पिछले वर्ष की तुलना में 36.1 प्रतिशत अधिक हैं। 31 मार्च 2026 तक कुल 2.23 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 23.36 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में स्टार्टअप्स का विस्तार भारत के संतुलित विकास की कहानी कहता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और गुजरात जैसे राज्य इस क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरे हैं। इन राज्यों में हजारों स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से सिर्फ लाखों भारतीयों को ही नहीं, कई विदेशियों को भी रोजगार मिल रहा है। इसमें अच्छी बात यह भी है कि अब छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों से भी स्टार्टअप्स उभर रहे हैं, जो भारत के आर्थिक विकास को व्यापक और समावेशी बना रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाएं इस विकास को मजबूत आधार प्रदान कर रही हैं। फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (एफएफएस) के तहत 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया जा चुका है, जिससे 1,420 से अधिक स्टार्टअप्स में 26,900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश संभव हुआ है। इस सफलता को देखते हुए 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एफएफएस 2.0 की शुरुआत की गई है, जो भविष्य में और अधिक स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करेगा। क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर स्टार्टअप्स (सीजीएसएस) का विस्तार भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गारंटी कवर को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिससे स्टार्टअप्स के लिए पूंजी जुटाना आसान हो गया है। 2025-26 तक 1,250 करोड़ रुपये से अधिक के ऋणों की गारंटी दी जा चुकी है, जो इस योजना की प्रभावशीलता को दर्शाता है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) के तहत 219 इनक्यूबेटरों के माध्यम से 3,400 से अधिक स्टार्टअप्स को 605 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की गई है। कहना होगा कि यह योजना उन स्टार्टअप्स के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो शुरुआती चरण में होते हैं और जिन्हें वित्तीय सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। वहीं, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी यह क्रांति स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। 1.07 लाख से अधिक स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक या भागीदार है, जिसे आंकड़ों के हिसाब से हम कुल स्टार्टअप्स का लगभग 48 प्रतिशत मान सकते हैं। यह संख्या बता रही है कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी अब नेतृत्व की भूमिका में है। यह परिवर्तन सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण है। यही कारण भी है जो नवाचार के क्षेत्र में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्टार्टअप्स द्वारा दायर पेटेंट आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि इसका साक्षात प्रमाण है। वित्त वर्ष 2024-25 में जहां 2,850+ पेटेंट आवेदन दायर किए गए थे, वहीं 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 4,480+ हो गई है। कुल मिलाकर 19,400 से अधिक पेटेंट आवेदन दाखिल किए जा चुके हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत अब नवाचार के क्षेत्र में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस (क्क्ख्र) ने भी स्टार्टअप्स को नई संभावनाएं प्रदान की हैं। 38,600 से अधिक स्टार्टअप्स इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं, जिससे उन्हें सरकारी खरीद में भाग लेने का अवसर मिला है। 2025-26 में 1,40,260 से अधिक ऑर्डर दिए गए, जिनका कुल मूल्य 19,190 करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह सरकारी समर्थन का सशक्त उदाहरण है, जिसने स्टार्टअप्स को बाजार तक पहुंचने में मदद की है। अब यदि इस पूरे परिदृश्य को व्यापक दृष्टि से देखें, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि भारत ने अपनी विशाल जनसंख्या को एक उत्पादक शक्ति में बदलने की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। युवाओं की ऊर्ज़ा, सरकार की नीतियां और तकनीकी प्रगति, वस्तुतः इन तीनों के समन्वय ने भारत को आज वैश्विक स्तर पर इस दिशा में एक नई पहचान दिलाई है। आज भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल होकर वैश्विक नवाचार के मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम और अधिक सशक्त होगा, जो देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। एक तरह से देखें तो वर्तमान भारत में स्टार्टअप क्रांति न सिर्फ आर्थिक विकास की कहानी है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में मजबूत और निर्णायक कदम है; कहना होगा कि एक ऐसा कदम, जोकि आने वाली पीढ़ियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है और भारत दिनो-दिन सशक्त हो रहा है, अर्थ के साथ वैश्विक प्रभाव में भी।

> **देश में स्टार्टअप्स की तेजी से बढ़ती संख्या, उनके द्वारा सृजित रोजगार और वैश्विक स्तर पर उनकी पहचान इस बात का प्रमाण है कि भारत एक नए 'आर्थिक युग' में प्रवेश कर चुका है। इस संदर्भ में कहना होगा कि 16 जनवरी 2016 को शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने इस परिवर्तन को दिशा और गति प्रदान की है। इस पहल का उद्देश्य एक ऐसा मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना था, जहां नए विचारों को पंख मिलें, निवेश को प्रोत्साहन मिले और उद्यमियों को हर स्तर पर सहयोग प्राप्त हो सके। केंद्र की मोदी सरकार ने समय को पहचानते हुए नीतियों को सरल बनाया, वित्तीय सहायता, कर में छूट और बाजार तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया और एक नया क्षितिज अपने देश के युवाओं के लिए खोल दिया, जिनके लिए नवाचार से उद्यमिता में सफलता जैसे कोई स्वप्न था! वस्तुतः आज इस यात्रा का परिणाम हमारे सामने मौजूद है। वित्त वर्ष 2025-26 में 55,200 से अधिक स्टार्टअप्स को राज्यवार मान्यता मिल गई है। कह सकते हैं कि वर्ष 2026 से शुरू हुई स्टार्टअप्स की यात्रा में यह किसी एक वर्ष में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 36,400+ स्टार्टअप्स की तुलना में 51.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। यह आंकड़ा निश्चित ही उस विश्वास और ऊर्ज़ा का प्रतीक है, जो वर्तमान भारत के युवाओं में दिखाई दे रही है। यही कारण है, रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय योगदान दिया है।**

# भूमि विवादों में सख्त हुए जिलाधिकारी

## स्थलीय सत्यापन के दौरान राजस्व निरीक्षक के निलंबन के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने टॉप-10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के तहत ग्राम जुनैदपुर में आयोजित कैम्प में पहुंचकर भूमि विवादों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि गाटा संख्या 125, जो खतौनी में चकमार्ग के रूप में दर्ज है, उस पर हुए अवैध अतिक्रमण को तत्काल मौके पर पहुंचकर हटवाया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने आइजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन एवं आमजन से प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करे।

निरीक्षण के दौरान शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व निरीक्षक के निलंबन के निर्देश दिये। इस कार्रवाई से विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवायी जारी रहेगी।

### हत्या मामले के दो आरोपित गिरफ्तार, आलाकत्ल ईंट बरामद

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित करैली थाने की पुलिस सोमवार को हत्या के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त दो ईंट भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित करेली थाना क्षेत्र के मदारीपुर डिहवा गांव निवासी मनोज भारतीय उर्फ सोरों पुत्र धनीलाल और करेली में स्थित अन्धीपुर गांव निवासी कन्हई भारतीय है। दोनों के खिलाफ करैली में इस माह धारा 103(1)/238(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने सोमवार को जफीर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद विधिक कार्रवाई की गई। घटना का विवरण-15 अप्रैल 2026 को ऐनुद्दीनपुर निवासी अब्दुल ने अज्ञात शव मिलने की सूचना थाना करैली में दी थी। अगले दिन मृतक की पहचान दिलशाल अहमद उर्फ उमैश अहमद (35) के रूप में हुई। मृतक के पिता नस्सन ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पुत्र की ईंट से मारकर हत्या कर शव को गड्ढे में छिपा दिया गया था। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपितों की तलाश में टीमें गठित की गईं।

# भीषण गर्मी का कहर, पारा 42 डिग्री के पार, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

- लू के थपेड़ों ने बढ़ाई मुश्किलें, दोपहर में बाजार सूने, शाम होते ही बढ़ी चहल-पहल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। जनपद में अप्रैल के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया, जिससे लोगों को दिनभर तेज धूप और लू का सामना करना पड़ा। रविवार को भी पारा इसी स्तर पर बना रहा, जिससे लगातार बढ़ती गर्मी ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है।

सुबह नौ बजे से ही सूरज की तपिश तेज महसूस होने लगी थी। 20 अप्रैल दोपहर 12 बजे तक तापमान 41 डिग्री के पार पहुंच गया और करीब दो बजे के आसपास एक बार फिर 42 डिग्री तक दर्ज किया गया। इस दौरान चल रही गर्म हवाओं (लू) ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और केवल जरूरी कार्यों से निकलने वाले लोग ही नजर आए।

तेज धूप से बचने के लिए लोग गमछा, टोपी और काला चश्मा पहनकर घरों से बाहर निकले। महिलाएं भी छाता लगाकर धूप से बचाव करती दिखीं। गर्म हवाओं के थपेड़ों के कारण बाजारों और गलियों में दोपहर के समय लगभग सूनापन छाया रहा।

हालांकि शाम चार बजे के बाद सूरज की तपिश कुछ कम होने पर सड़कों पर फिर से रौनक लौट आई। लोग खरीदारी और अन्य दैनिक कार्यों के लिए घरों से बाहर निकलते नजर आए।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है, जिससे तापमान में और वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और धूप से बचाव के सभी उपाय अपनाएं।

भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट पर हैं। आम जनता को सतर्क रहने और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।

# सीसीटीवी से लैस नगर पालिका भरवारी में चोरी, नगदी सहित महत्वपूर्ण फाइलें चोरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी, कौशाम्बी, जनपद के नगर पालिका परिषद भरवारी में देर रात हुई चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। चोर खिड़की के रास्ते कार्यालय में घुसे तथा लेखा लिपिक की आलमारी का ताला तोड़कर महत्वपूर्ण फाइलों के साथ-साथ जलमूल्य व हाउस टैक्स की वसूली के करीब 40 हजार 300 रुपये नकद पार कर ले गये। घटना का पता उस समय चला जब सुबह कर्मचारी ने कार्यालय का दरवाजा खोला और अंदर सामान बिखरा देखा। सूचना मिलते ही अधिशासी अधिकारी राम सिंह मौके पर पहुंचे और निरीक्षण कर कोखराज थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह पूरी घटना



नवीपुर स्थित अंबेडकर भवन में संचालित नगर पालिका कार्यालय की है जहां सुरक्षा के लिए सी सी टी वी कैमरे लगाये गये हैं। इसके बावजूद चोरी होना कई सवाल खड़े कर रहा है।

खास बात यह रही कि घटना के समय बिजली न होने के कारण सी सी टी वी कैमरे बंद थे जिससे कोई फुटेज रिकॉर्ड नहीं हो सकी। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि चोरी के साथ महत्वपूर्ण फाइलों के गायब होने से मामले को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं भी जताई जा रही हैं। हालांकि अधिशासी अधिकारी राम सिंह ने स्पष्ट किया कि अज्ञात चोरों द्वारा ही घटना को अंजाम दिया गया है जिसमें पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### रेलवे पुल मरम्मत कार्य में तेजी, मेगा ब्लॉक में 50 नए स्लीपर डाले गए

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगा नदी पर स्थित रेलवे पुल की डाउन लाइन पर चल रहे मरम्मत कार्य के 19वें दिन सोमवार को कार्य की गति में तेजी देखी गई। सुबह से शाम तक चले आठ घंटे के मेगा ब्लॉक के दौरान रेलवे अधिकारियों की सीधी निगरानी में 50 नए एचबीएम स्लीपर डालने का महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। 2 अप्रैल से शुरू हुए इस वृहद मरम्मत कार्य के तहत पुल के जर्जर ट्रफ और पुराने स्लीपरों को बदलने की प्रक्रिया जारी है। सोमवार सुबह 9:40 बजे से शाम 5:40 बजे तक प्रभावी रहे ब्लॉक के दौरान करीब 200 रेल कर्मियों ने तेज धूप और गर्मी के बावजूद मोर्चा संभाले रखा। इस दौरान स्लीपर डालने के साथ-साथ शुक्लागंज की ओर डाउन ट्रैक पर जमा गिट्टियों को हटाने का काम भी युद्ध स्तर पर किया गया।

# पोषण सप्ताह में महिलाओं को किया गया जागरूक

- आंगनबाड़ी केंद्र पर चला अभियान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। पोषण सप्ताह के अंतर्गत सिराथू ब्लॉक के सेक्टर चमंधा के पतेरिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को संतुलित आहार, बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुपरवाइजर वर्षा सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए सही पोषण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित खानपान अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और बच्चों को पौष्टिक आहार देने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि कुपोषण से बचने के लिए हरी सब्जियां, दाल, फल और दूध का नियमित सेवन बेहद जरूरी है। इस दौरान स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि साफ-सफाई का ध्यान रखकर कई बीमारियों से बचाव संभव है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमा देवी, रीता देवी, अनीता देवी, केशकली, सुदामा देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं।

### कार की टक्कर से मासूम गंभीर घायल, एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से पांच वर्षीय मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से पीड़ित परिवार न्याय के लिए भटक रहा है। बेहटा निवासी राहुल के मुताबिक, बीते 14 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े सात बजे उनकी पांच साल की बेटी मानसी पास की दुकान से सामान लेने गई थी। वापस लौटते समय एक अनियंत्रित कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने बच्ची के बाएं पैर पर गाड़ी चढ़ा दी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ी। गंभीर हालत में परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित पिता का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी बोलेरो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

# आईएएस घनश्याम मीणा को मिली उन्नाव की कमान

- प्रदेश में 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले; हमीरपुर के डीएम रहे मीणा संभालेंगे उन्नाव की जिम्मेदारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। उत्तर प्रदेश में लंबे समय से प्रस्तावित प्रशासनिक फ़ेरबदल आखिरकार रविवार रात अमल में आ गया। शासन ने 40 आईएएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी कर दी, जिसके तहत 37 वर्षीय आईएएस अधिकारी घनश्याम मीणा को उन्नाव का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

घनश्याम मीणा इससे पहले हमीरपुर में जिलाधिकारी के पद पर तैनात थे और वहां अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यशैली की अलग पहचान बनाई। उन्नाव में तैनात रहे जिलाधिकारी गौरांग राठी का तबादला कर दिया गया है। उनके कार्यकाल को जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और विकास कार्यों को गति देने के लिए याद किया जाएगा। विशेष रूप से अवैध खनन, अतिक्रमण और भू-माफियाओं के खिलाफ चलाए गए अभियानों ने प्रशासन की सख्ती का स्पष्ट संदेश दिया था।

# विपक्ष के दोहरे चरित्र पर भाजपा का प्रहार

## लखनऊ में आज नारी शक्ति दिखाएगी दम

- महिला जन आक्रोश रैली व मार्च पास्ट की तैयारी बैठक में बना खाका, नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष को घेरा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। राजधानी लखनऊ में 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रस्तावित ''महिला जन आक्रोश रैली एवं मार्च पास्ट'' को लेकर भाजपा जिला कार्यालय उन्नाव में सोमवार को एक विशाल तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि विपक्षी दलों का दोहरा चरित्र देश के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित नहीं होने देने में विपक्षी दलों ने बाधा डाली, जिससे देश की आधी आबादी के साथ अन्याय हुआ है।

प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने कहा कि विपक्ष केवल परिवारवादी राजनीति को बचाने में लगा है। नारी शक्ति के सशक्त होने से उनका वर्चस्व समाप्त होने का डर उन्हें सता रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की रैली ऐसे सुधार विरोधी चेहरों को बेनकाब करेगी।

जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने विश्वास जताया कि उन्नाव की मातृशक्ति रैली में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेगी और विपक्ष के हर षड्यंत्र का मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता, विधायक बम्बा लाल दिवाकर, आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख संध्या पटेल सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मंचासीन रहे।

इस दौरान जिला, ब्लॉक और नगर स्तर के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि लखनऊ में होने वाला मार्च पास्ट नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण की नई मिसाल बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना को लेकर पालिका सक्रिय, छह दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र में आगामी जनगणना को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पालिका प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर के सभी 28 वार्डों में सटीक आंकड़े जुटाने के लिए सोमवार से छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ। राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम राजस्व सुशील कुमार गोंड और एसडीएम सदर क्षितिज कुमार की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन जिले से आए मास्टर ट्रेनर और फील्ड ट्रेनर ने प्रगणकों और सुपरवाइजरों को गणना की जटिलताओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण के लिए तीन अलग-अलग कक्षाएं बनाई गई थीं, जहां प्रत्येक बैच में 50-50 प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से डिजिटल डेटा संग्रहण की विधि समझाई गई। मास्टर ट्रेनरों ने मकानों की नंबरिंग, व्यक्तियों की सही गणना और रिपोर्टिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर विशेष जोर दिया। भीषण गर्मी के बीच प्रशिक्षण स्थल पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था न होने से प्रतिभागियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### वाल्मीकि आश्रम स्वयंभू महंत पर कार्रवाई को ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

बांदा। सोशल मीडिया पर पूर्व सांसद और उनके परिवार की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाले चित्रकूट स्थित वाल्मीकि आश्रम के महंत के खिलाफ कार्रवाई की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। अखंड भारत विप्र एकता मंच के तत्वावधान में सोमवार को ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोगों ने अपर एसपी से मुलाकात की और तथाकथित महंत के खिलाफ कार्रवाई की मांग बुलंद की है। कहा है कि तथाकथित स्वयंभू महंत के कानूनी कार्रवाई करके जेल भेजा जाए। बता दें कि चित्रकूट जनपद के लालापुर गांव में स्थित असावर माता मंदिर व बाल्मीकि आश्रम में स्वयंभू महंत बने बाबा भरतदास ने बांदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा और उनके परिवार की महिलाओं को लेकर साशल मीडिया में बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जिसे लेकर बांदा-चित्रकूट जनपदों के ब्राह्मणों में आक्रोश पनप रहा है। बताया गया है कि तथाकथित महंत साधुवेश धारण करके आश्रम में तमाम अनैतिक कृत्य करता है और मंदिर में पूजा अर्चना को पहुंचाने वाली महिलाओं के साथ अभद्रता व मारपीट करता है। जिसे लेकर गांव और आसपास के श्रद्धालुओं में खासी नाराजगी है और करीब एक सैकड़ा महिला-पुरुष आश्रम के बाहर ही धरने में बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जिस पर पूर्व सांसद श्री मिश्रा तथाकथित बाबा के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत जिला प्रशासन को पत्राचार किया।

### गोकशी की शिकायत पर जांच करने पहुंची फूड इंस्पेक्टर की टीम पर हमला

गाजियाबाद। अवैध रूप से मीट की दुकान चलाने और गोकशी की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची फूड इंस्पेक्टर के चालक के साथ थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में मारपीट की गई तथा महिला फूड इंस्पेक्टर से दस्तावेज छीन लिए गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में कुछ मीट की दुकानों पर गोकाशी की सूचना थी। उन्होंने बताया कि महिला फूड इंस्पेक्टर मीरा सिंह अपनी टीम के साथ सोमवार को चेकिंग करने के लिए पहुंची। मीरा सिंह के अनुसार सीएम पोर्टल पर मुख्यालय में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें लोनी नहर रोड मौलाना आजाद कॉलोनी में अवैध मीट की दुकानों और गोकाशी की शिकायत मिली थी इसका निस्तारण करने के लिए वह अपनी टीम के साथ गई थी। उनके अनुसार जैसे ही वह गाड़ी से उतरकर दुकान की तरफ गई, दुकानदार दुकान बंद करके भागने लगे।

# बांगरमऊ के अपूर्व शुक्ला को दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मान

- रेलवे में उत्कृष्ट योगदान पर मिला पुरस्कार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ-उन्नाव। नगर के होनहार अपूर्व शुक्ला को दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 'साधना सप्ताह 2026' के दौरान भारतीय रेलवे में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे बांगरमऊ और उन्नाव जिले का नाम रोशन किया है।

भव्य समारोह में भारत सरकार द्वारा इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट (ऋत्ऋ्ख्र), लखनऊ को तकनीकी नवाचार और कुशल प्रबंधन के लिए विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने प्रदान किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार और ऋत्ऋ्ख्र के महानिदेशक रंजन प्रकाश ठाकुर भी मौजूद रहे। अपूर्व शुक्ला ने उनके साथ मंच पर यह सम्मान ग्रहण किया।

अपूर्व शुक्ला नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सुभाष इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ला के ज्येष्ठ पुत्र हैं। साथ ही वह उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुभव शुक्ला के बड़े भाई हैं। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सोमवार को स्थानीय नागरिकों और शुभचिंतकों ने उनके घर पहुंचकर परिवार को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि रेलवे सेवा से पहले अपूर्व शुक्ला भारतीय वायु सेना में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

करीब तीन वर्ष पूर्व हिमांशु बडोनी (मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज) ने अपूर्व शुक्ला को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया था। वर्ष 2023 में भाऊपुर स्टेशन पर तैनाती के दौरान उन्होंने मालगाड़ी के 12वें वैगन का दरवाजा खतरनाक स्थिति में लटकता देखा। तत्परता दिखाते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सूचना देकर संभावित दुर्घटना को टाल दिया। इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें एक हजार रुपये का नगद पुरस्कार भी दिया गया था।

### रासलीला का मंचन: शंकर-श्रीकृष्ण लीला ने मोहा मन

बांगरमऊ-उन्नाव। नगर के मोहल्ला टेडी बाजार में आयोजित दो दिवसीय रासलीला के दूसरे दिन भगवान शंकर द्वारा श्री ठाकुर जी के दर्शन करने की कथा का सजीव मंचन किया गया। लीला को देखने के लिए खासकर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे। श्री धाम की विख्यात भारत भूषण रासलीला मंडल द्वारा सोमवार को मंचित लीला में दिखाया गया कि मैया यशोदा ने भगवान शंकर के भयंकर रूप को देखकर बालकृष्ण के दर्शन कराने से इंकार कर दिया। इससे भोलेनाथ उदास हो गए, जिसे देख ठाकुर जी रोने लगे। बालकृष्ण के रोने पर मैया ने शंकर जी को बुलाया, जिन्होंने कन्हैया की नजर उतारी। इसी बहाने श्रीकृष्ण ने अपने चरण भोलेनाथ के मस्तक पर रख दिए, जिससे पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। इसके बाद मंडल द्वारा सुदामा जी का चरित्र मंचित किया गया, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया। कथा के माध्यम से संदेश दिया गया कि सच्चा मित्र वही होता है, जो मित्र के संकट को अपना समझकर उसे दूर करने का प्रयास करे।

# सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, दो दर्जन बटुकों का उपनयन

- अक्षय तृतीया के अवसर पर हुआ आयोजन, भंडारे में जुटे ग्रामीण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम उम्मरपुर बक्तौरी (अर्दुलापुर) स्थित फूलमती माता मंदिर में बीते रविवार को सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। पवित्र अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में करीब दो दर्जन बटुकों का विधि-विधान से उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया।

आयोजक पंडित प्रवीण दीक्षित ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के लिए पूर्व में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पंजीकरण कराया गया था। पंजीकरण के उपरांत अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर यह सामूहिक आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र और नगर के अनेक परिवारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान अभिनव दीक्षित, गोविंद शुक्ला, अजय शुक्ला एवं अनुराग शुक्ला ने बटुकों को अंगवस्त्र, तुलसी माला एवं रामनामी ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं आलोक बाजपेई, सूरज, आर्यन एवं दीपू दीक्षित ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। संस्कार के उपरांत मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामवासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक प्रवीण दीक्षित ने सहयोगियों से अपील करते हुए कहा कि इस प्रकार के भव्य धार्मिक आयोजन को प्रतिवर्ष आयोजित करने के लिए रूपरेखा तैयार की जाए, ताकि सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को निरंतर आगे बढ़ाया जा सके।

**सीडीओ की सख्ती रंग लाई**

# माह के अंत तक मेडिकल कॉलेज भवन में शिफ्ट होगा महिला अस्पताल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जिला महिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने की वर्षों पुरानी प्रतीक्षा अब समाप्त होने जा रही है। सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक कुमार ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि शिफ्टिंग का कार्य हर हाल में इसी माह के अंत तक पूरा कर लिया जाए।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने शिफ्टिंग में आ रही बाधाओं की जमीनी हकीकत परखी। उन्होंने कार्यदायी संस्था को मौके पर तलब कर लिफ्ट संचालन का ट्रायल भी कराया।



ट्रायल के दौरान सामने आई तकनीकी खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश देते हुए उन्होंने साफ कहा कि अब किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी सीडीओ अभिषेक कुमार ने शिफ्टिंग प्रक्रिया के लिए सख्त समयसीमा तय करते हुए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी शिफ्टिंग पूरी होने के बाद मरीजों को आधुनिक उपकरणों, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधायुक्त परिसर का लाभ मिलेगा। इससे न केवल महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी, बल्कि चिकित्सा कर्मियों को भी कार्य करने के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध होंगे। सीडीओ ने कहा, इस माह के अंत तक शिफ्टिंग पूरी कर मरीजों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। यह शिफ्टिंग जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, 45 मिनट तक रुकी रही ट्रेन

अज़ान खीरी। गोला थाना क्षेत्र में रविवार रात एक दर्दनाक रेल हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना फरधान-राजगंज रेलमार्ग पर करनपुर गांव के सामने हुई, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करनपुर निवासी पुनीत (35 वर्ष), पुत्र सालिकराम, रविवार रात किसी कारणवश रेलवे ट्रैक पर चलते हुए घर लौट रहे थे। इसी दौरान सीतापुर से मैलानी जा रही ट्रेन संख्या 55082 वहां पहुंच गई। ट्रेन चालक ने दूर से युवक को देखकर लगातार हॉर्न बजाया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और पुनीत ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसे के बाद ट्रेन करीब 45 मिनट तक राजगंज हाल्ट के पास खड़ी रही। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गोला पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद रेल यातायात को सुचारू कराया गया।मृतक की पहचान उसकी पत्नी सोहिनी देवी द्वारा की गई।

# दिनदहाड़े धड़ल्ले से अवैध मिट्टी खनन, बच्चों की जान जोखिम में, जिम्मेदारों पर उठे सवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ढकबा पुलिस पिकेट के पास हर्निया गांव के निकट केशवापुर-ढकबा मार्ग पर दिनदहाड़े अवैध मिट्टी खनन का खेल खुलेआम जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की नाक के नीचे जेसीबी मशीनों से मिट्टी की खुदाई की जा रही है और ओवरलोड डंपर तेज रफ्तार से फर्राटा भर रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी मार्ग से छोटे-छोटे बच्चे रोजाना स्कूल आते-जाते हैं। डंपरों से उड़ने वाली धूल से बच्चों के कपड़े गंदे हो जाते हैं, जिससे उन्हें स्कूल में डांट का सामना करना पड़ता है। वहीं तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों से बच्चों और राहगीरों की जान पर भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि केशवापुर स्थित एक भट्ठे से नियमों को ताक पर रखकर मिट्टी का



अवैध खनन किया जा रहा है। खास बात यह है कि केशवापुर में सप्ताह में दो दिन भारी बाजार लगता है, लेकिन उन दिनों भी भीड़-भाड़ के बीच ओवरलोड डंपरों की आवाजाही जारी रहती है, जिससे हादसे की आशंका और बढ़ जाती है राहगीरों ने बताया कि डंपर चालक ओवरलोड मिट्टी लेकर तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। कई बार मिट्टी गिरने से लोग बाल-बाल बचे हैं ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब इसी मार्ग से थानाध्यक्ष हैदराबाद और ढकबा चौकी प्रभारी नियमित रूप से गुजरते हैं, तो क्या उन्हें यह अवैध खनन दिखाई नहीं देता ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

# खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को भावभीनी विदाई, देवीपाटन मंडल की आयुक्त बनीं



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जनपद की जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को पदोन्नति के बाद देवीपाटन मंडल का आयुक्त बनाए जाने पर कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित कर उनके कार्यकाल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और बुके भेंट कर सम्मान जताया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में जिले में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और विकास कार्यों को नई गति मिली कानून-व्यवस्था से लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तक, उन्होंने प्रभावी भूमिका निभाई।

अपने संबोधन में दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि लखीमपुर खीरी में बिताया गया समय उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। यहां के अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता का सहयोग उन्हें निरंतर प्रेरित करता रहा। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस जिले की यादें उनके साथ हमेशा रहेंगी कार्यक्रम का समापन भावुक माहौल में हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव व समिति स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

गोला गोकर्णनाथ खीरी। लक्ष्मी नगर कॉलोनी स्थित स्वामी रामाश्रम विद्या मंदिर के शैक्षिक हाल में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव एवं आदर्श शिक्षक कल्याण समिति का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मनोज मिश्रा विभागाध्यक्ष, युवराज दत्त महाविद्यालय ने की। इस अवसर पर डायरेक्टर श्रीमती नीरज मिश्रा, समिति के प्रांतीय अध्यक्ष श्री विमलेश कुमार मिश्रा, ब्राइटलैंड अकैडमी गोला के प्रधानाचार्य अमित गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. बृज गोविंद मिश्रा, प्रांतीय महामंत्री डॉ. वीरेश चंद्र बाजपेई, प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनीत सिंह भदौरिया, धीरेंद्र श्रीवास्तव, मयंक दीक्षित, राजीव गुप्ता, राहुल सिंह भदौरिया, स्नेहा मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनीत सिंह भदौरिया द्वारा किया गया।

# जनगणना 2027 की तैयारी तेज: गोला तहसील में सुपरवाइजर व प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर गोला तहसील क्षेत्र में प्रशासन ने प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू कर दी है। सोमवार, 20 अप्रैल 2026 से सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जो 4 मई 2026 तक चार चरणों में संपन्न कराया जाएगा। यह प्रशिक्षण तहसील मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालयों तथा अन्य निर्धारित स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि सभी नामित कार्मिकों को व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षित किया जा सके। पूरे कार्यक्रम को चार चरणों में विभाजित किया गया है, जिससे प्रत्येक बैच को अलग-अलग समय पर प्रशिक्षण दिया जा सके।

प्रशिक्षण एक शिफ्ट में तीन दिनों का होगा। प्रत्येक दिन सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सत्र संचालित किए जाएंगे। इस दौरान



प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं, डेटा संग्रहण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग और विभागीय दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड ट्रेनरों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रतिभागियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान कर रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि जनगणना कार्य पूरी तरह सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न हो सके। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह प्रशिक्षण जनगणना 2027 के सफल संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र के सभी कार्मिकों को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह दक्ष बनाया जा सके।

# कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ीं ग्रामीण महिलाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जनपद में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया इस कार्यक्रम में लगभग 250 महिलाओं ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें स्वरोजगार और घरेलू उद्योगों से जुड़े विभिन्न कौशल सिखाए गए। महिलाओं ने खासतौर पर सिलाई-कढ़ाई, घरेलू उत्पाद निर्माण और उद्यमिता कौशल में रुचि दिखाई। उन्हें आधुनिक डिजाइनों के अनुरूप वस्त्र निर्माण, दैनिक उपयोग की वस्तुओं और हस्तशिल्प तैयार करने के साथ-साथ छोटे स्तर पर अपना व्यवसाय शुरू करने की बारीकियां भी सिखाई गईं प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे विशेषज्ञों ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि वे अपने हुनर का उपयोग कर घर बैठे आर्थिक



मजबूती हासिल कर सकती हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि महिलाओं को सीधे सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके। साथ ही तैयार उत्पादों को उचित बाजार दिलाने और बेहतर लाभ कमाने के लिए भी विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केवल कुशल बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षकों और विभागीय अधिकारियों ने महिलाओं के उत्साह और सहभागिता की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

# दूध लेने जा रहे किशोर को बस ने रौंदा

- मौके पर मौत, आक्रोशित लोगों ने लगाया हाईवे जाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा खीरी। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना भीरा-लखीमपुर राज्य मार्ग पर दाऊदपुर पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब 7 बजे हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पलिया से लखनऊ जा रही खैरा ट्रांसपोर्ट की एक निजी बस और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान



जहानपुर निवासी विशाल गुप्ता (15 वर्ष), पुत्र दीपक के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, विशाल सुबह दाऊदपुर स्थित डेयरी से घर के लिए दूध लेने गया था। लौटते समय तेज रफ्तार बस ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप हाईवे पर जाम लगा दिया, जिससे राज्य मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही फूलबेहड़ थाना अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया। उनके हस्तक्षेप के बाद छोटे वाहनों के लिए जाम खुलवा दिया गया, हालांकि बड़े वाहन अभी भी फंसे हुए हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस जाम को पूरी तरह खुलवाने और स्थिति सामान्य करने में जुटी हुई है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में 'ड्रग-फ्री कैंपस' पर राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न, एमओयू भी हुआ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में मिशन ड्रग फ्री कैंपस एवं सोसाइटी अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ।

अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग एवं डीन छात्र कल्याण कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। कार्यशाला का विषय ड्रग-फ्री सोसाइटी एवं कैंपस का निर्माण: मनो-सामाजिक, चिकित्सकीय एवं आध्यात्मिक मार्ग रहा। विशेषज्ञों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उद्घाटन सत्र में वाराणसी की नई सुबह संस्था और विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक, शोध और सामुदायिक गतिविधियों में सहयोग को बढ़ावा देना है। समझौते के तहत अतिथि व्याख्यान, फैकल्टी एक्सचेंज, छात्र प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, संयुक्त सेमिनार और शोध कार्यों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को भी विस्तार दिया जाएगा।

# मोतीपुर कांड में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, सरकारी सामान बरामद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा खीरी। बांकेगंज थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के दिन हुए बवाल और हिंसा के मामले में मैलानी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सरकारी सामान भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक खीरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना मैलानी में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 83/26 से संबंधित मामले में पुलिस ने अभियुक्त सुशील कुमार (पुत्र लालजी प्रसाद, निवासी महरताला) और अमित कुमार (पुत्र बाबूराम, निवासी बरगदिया) को 20 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त सुशील कुमार के कब्जे से एक सरकारी हेल्मेट तथा अमित कुमार के पास से एक सरकारी डंडा बरामद किया गया। दोनों



अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) की विभिन्न धाराओं सहित आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 एवं सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्त मोतीपुर गांव में अंबेडकर जयंती के दौरान हुए हिंसक घटनाक्रम में वांछित चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी संसारपुर उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव, चौकी प्रभारी कुकरा उपनिरीक्षक अबलीश कुमार पवार सहित हेड कांस्टेबल देवेंद्र शर्मा, कांस्टेबल सौरभ कुमार, दीपक सोलंकी, दीपक चंद्रा, रजनीकांत, शैलेन्द्र, प्रिया शर्मा और कामिनी समेत थाना मैलानी पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अब बाबा विश्वनाथ के दर्शन और गंगा में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं के सामान रहेंगे सुरक्षित

वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में आकर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा का दर्शन और गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाने वालों को अब अपने सामान की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। श्रद्धालुओं के कपड़े हों या मंहगे सामान, इन सबको सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश की योगी सरकार विश्वनाथ मंदिर और घाट के आसपास डिजिटल लगेज लॉकर लगवाने जा रही है। डिजिटल लॉकर में मोबाइल से लेकर सूटकेस तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। डिजिटल लॉकर के इस्तमाल के लिए डिजटल पेमेंट की सुविधा रहेगी। वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल लगेज लॉकर की व्यवस्था दशाश्वमेध घाट के पास दशाश्वमेध प्लाजा ,गोदौलिया, टाउन हॉल और बेनियाबाग पार्किंग में डिजिटल लॉकर लगाया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने जानकारी दी कि 225 डिजिटल लॉकर की सुविधा रहेगी। जिसमे छोटे, मध्यम ,बड़े और एक्स्ट्रा लार्ज चार तरह के डिजिटल लॉकर उपलब्ध होंगे। इसमें मोबाइल, छोटे बैग, बड़े और सबसे बड़े लॉकर में दो सूटकेस रखे जा सकेंगे।

# छोटी काशी में भीड़ में बिछड़ी 3 वर्षीय मासूम, 2 घंटे में परिजनों से मिलाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। तीर्थ नगरी गोला गोकर्णनाथ स्थित छोटी काशी शिव मंदिर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दर्शन के लिए आई एक तीन वर्षीय मासूम बच्ची भीड़ के बीच अपने परिजनों से बिछड़ गई। हालांकि, स्थानीय नागरिक की सजगता और पुलिस की तत्परता से महज दो घंटे के भीतर बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता से मिला दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र के ग्राम ढका घनश्याम निवासी सतीश अपनी पत्नी संध्या और तीन वर्षीय पुत्री स्नेहा के साथ मंदिर में दर्शन करने आए थे। दोपहर करीब एक बजे मंदिर परिसर में भारी भीड़ के चलते मासूम स्नेहा अचानक अपने माता-पिता से बिछड़ गई। बच्ची इतनी छोटी थी कि वह अपना नाम और पता तक नहीं बता पा रही थी और रोते हुए इधर-उधर भटक रही थी।



इसी दौरान मोहल्ला तीर्थ निवासी विशाल बाजपेई की नजर रोती हुई बच्ची पर पड़ी। उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए बच्ची को संभाला और काफी देर तक परिजनों की तलाश की, लेकिन जब कोई नहीं मिला तो वह बच्ची को लेकर तत्काल कोतवाली गोला पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गोला पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में बच्ची के हुलिए के आधार पर खोजबीन शुरू की। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते कुछ ही समय में बच्ची के माता-पिता का पता लगा लिया गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद जब मासूम स्नेहा को उसकी मां संध्या (24 वर्ष) के सुपुर्द किया गया तो परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्ची को सुरक्षित पाकर माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े परिजनों ने गोला पुलिस और मददगार विशाल बाजपेई का आभार व्यक्त करते हुए उनकी तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा ने दी सपा सेक्टर प्रभारी को अंतिम विदाई

बिजुआ खीरी। ब्लॉक बिजुआ के ग्राम अम्बारा में समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी राम बहादुर यादव के निधन के बाद सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान खीरी के सांसद उत्कर्ष वर्मा भी मौजूद रहे। सांसद उत्कर्ष वर्मा ने पार्थिव शरीर पर समाजवादी पार्टी का झंडा ओढ़ाकर राम बहादुर यादव को अंतिम विदाई दी और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। राम बहादुर यादव पार्टी के समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ता थे। उन्होंने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

### न्यायिक अधिकारियों ने किया जिला जेल फतेहगढ़ का मुआयना, दिये जरूरी निर्देश

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद की जिला कारागार फतेहगढ़ का सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश /सचिव युगल शंभू ने औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय साथ में लीगल एड डिफेंस काउंसिल डिप्टी चीफ सुरेंद्र कुमार राणा उपस्थित रहे। जिला कारागार फतेहगढ़ की विभिन्न बैरकों मैं जाकर बंदीजनों से मुलाकात की और उनके लंबित मामलों के बारे में जानकारी लेकर विधिक राय दी । न्यायाधीश द्वारा भोजनालय में जाकर भोजन की गुणवत्ता के बारे में देखा व परखा तथा साफ सफाई के आवश्यक निर्देश दिए। अस्पताल बैरक का भी निरीक्षण किया वहां पर भर्ती बंदीगण के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी कर वहां उपस्थित डॉक्टर नीरज को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लीगल एट डिफेंस काउंसिल डिप्टी चीफ सुरेंद्र कुमार राणा, असिस्टेंट प्रशांत गुप्ता ,डिप्टी जेलर वैभव कुशवाहा तथा डॉक्टर नीरज कुमार उपस्थित रहे।

### सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती कैम्प से मिलेगी युवाओं को नौकरी

फिरोजाबाद। जिले मे सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए भर्ती कैम्प का आयोजन होगा। इन कैम्पों के माध्यम से समस्त ब्लाकों में लगभग 250 पद भरे जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को अच्छा वेतन और केंद्र सरकार व राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र में नियुक्ति मिलेगी। एसआईएस सिक्योरिटी द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी भर्ती कैंप का अयोजन आगामी 22 अप्रैल को एका ब्लॉक, 23 अप्रैल को नारखी ब्लॉक, 24 व 25 अप्रैल को, शिकोहाबाद ब्लॉक एवं 27 अप्रैल को फिरोजाबाद ब्लॉक में भर्ती केम्प प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। कमांडेंट कार्यालय राकेश चौधरी ने बताया कि सुरक्षा जवान के लिए 10वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवा की उम्र 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी की ऊँचाई 168 से 170 सेमी एवं वजन 55 से 90 किलोग्राम होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपनी 10 वीं व 12 वीं सहित समस्त शैक्षिक एवं प्रशैक्षिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटोकॉपी एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ भर्ती कैम्प में उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है।

### झोपड़ी में लगी आग से लाखों का सामान जलकर राख

देवरिया। उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया के बरियारपुर थाना क्षेत्र के आमघाट गांव में सोमवार को आग लगने से एक झोपड़ी जलकर राख हो गई। लाखों रुपए का घर गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया और एक महिला भी झुलस गयी। बरियारपुर थाना क्षेत्र केआम घाटके रहने वाली कलावती देवी (62) पत्नी राम अधार रावत के झोपड़ी में अचानक आग लग गई, जिसकी चपेट में घर में रखा गेहूं (करीब 15 कुंतल), कपड़े, घरेलू सामान और अन्य जरूरी सामग्री जलकर खाक हो गई। आग इतनी तेज थी कि झोपड़ी में बंधी एक भैंस भी जलकर गई। इस घटना में करीब 2 से 3 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

# दिल्ली के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा हैदराबाद

एजेंसी

हैदराबाद। पिछले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दोनों टीम के अभी छह-छह अंक है लेकिन सनराइजर्स का नेट रन रेट बेहतर है और इसलिए वह चौथे स्थान पर काबिज है। कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में सनराइजर्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आ रही थी लेकिन उसने धीरे-धीरे इसमें सुधार कर लिया है। कमिंस भी टीम से जुड़ गए हैं लेकिन वह इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। सनराइजर्स की तरफ से पिछले दो मैच में



अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ियों प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और शिवांग कुमार ने मौकों का पूरा फायदा उठाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हिंगे के शानदार प्रदर्शन के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ ईशान मलिंगा की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उसकी टीम जीत हासिल करने में सफल रही। बल्लेबाजी सनराइजर्स का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पिछले कुछ मैच में उसके प्रमुख बल्लेबाज जैसे ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बनाए रख पाए हैं। बल्लेबाजी में उसका दारोमदार शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर है लेकिन इनके नहीं चल पाने पर उसके मध्यक्रम पर दबाव बढ़ जाता है। विशेषकर हेनरिक क्लासेन को सारी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। मध्यक्रम में उसके अन्य बल्लेबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने रन बनाए हैं, लेकिन टीम को उनसे और अधिक योगदान की जरूरत है। पहले दो मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले समीर रिजवी पिछले तीन मैच में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए जो दिल्ली कैपिटल्स के लिए चिंता का विषय है। दिल्ली की गेंदबाजी में हालांकि विविधता है और पिछले साल टीम की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की अनुपस्थिति के बावजूद उसके गेंदबाजों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने किफायती गेंदबाजी और विकेट लेने की क्षमता का बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया है। उन्होंने अब तक पांच मैचों में सात विकेट लिए हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव अभी तक उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं, जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और टी नटराजन ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे पर कहा ऐसा नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता

एजेंसी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले एक साल में 65 किग्रा भार वर्ग में लगभग अजेय रहे भारतीय पहलवान सुजीत कलकल स्वयं को अपना आदर्श और जीत का प्रबल दावेदार मानते हैं लेकिन इसके साथ ही वह एलीट वर्ग की प्रतियोगिताओं में परिणाम को लेकर अनिश्चितता क प्रति भी जागरुक हैं। सुजीत ने जून 2025 में अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में मिली जीत के बाद से सीनियर विश्व चैंपियनशिप को छोड़कर प्रत्येक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने हाल में बिश्केक में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनका मानना ??है कि प्रदर्शन में निरंतरता और आत्मविश्वास उनकी सफलता की कुंजी रहे हैं। सुजीत ने कहा, ''मैं किसी खास व्यक्ति का अनुसरण नहीं करता। मुझे अपने मुकाबले देखना पसंद हैं, वह भी विशेषकर रविवार को। आप कह सकते हैं कि मैं खुद को अपना आदर्श मानता हूं। सुजीत भले ही किसी विशेष पहलवान को अपना आदर्श नहीं मानते, लेकिन वह योगेश्वर दत्त, बजरंग पूनिया और अमित धनकड़ जैसे दिग्गज पहलवानों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं योगेश्वर दत्त और अन्य पहलवानों को देखता था। उनसे सहनशक्ति, गति और ताकत जैसी कई चीजें सीखने को मिलती हैं, लेकिन मैं अधिकतर अपने मुकाबलों का विश्लेषण करता हूं। हमारा कार्यक्रम व्यस्त रहता है, लेकिन रविवार या विश्राम के दिनों में मैं अपने और सीनियर पहलवानों के मुकाबले देखता हूं। इससे गलतियों की पहचान करने और उनमें सुधार करने में मदद मिलती है। सुजीत ने 65 किग्रा में अपने दबदबे के बावजूद यह मानने से इनकार कर दिया कि इस वजन वर्ग में उनका पूर्ण नियंत्रण है। उनसे पहले ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया इस भार वर्ग में भाग लेते थे। उन्होंने कहा, ''ऐसा कुछ नहीं है कि कोई मुझे हरा नहीं सकता। हर कोई कड़ी मेहनत करता है। जिसका दिन अच्छा होता है, वही जीतता है। ईश्वर की कृपा से मैं अब तक जीतता आया हूं और आगे भी जीतता रहूंगा तथा अपने देश को गौरवान्वित करूंगा। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि आगामी एशियाई खेल में उनके प्रदर्शन की असली परीक्षा होगी। उन्होंने कहा, ''मैं पिछले दो साल से किसी भारतीय पहलवान से नहीं हारा हूं। ईरान और जापान की बात करें तो एशियाई खेलों में हमें अपना स्तर पता चल जाएगा। अभी भी कुछ कमियां हैं और हम उन पर काम कर रहे हैं।

# बोस्टन मैराथन 2026: खिताब बचाने उतरेगी जॉन कोरिर और शेरोन लोकेडी

एजेंसी

बोस्टन। बोस्टन मैराथन 2026 में मौजूदा चैंपियन जॉन कोरिर और शेरोन लोकेडी अपने-अपने खिताब बचाने के इरादे से सोमवार को दौड़ेंगे। इस बार दोनों वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलने की उम्मीद है। पुरुष वर्ग में केन्या के धावक जॉन कोरिर लगातार चौथा मैराथन खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेंगे। उन्होंने पिछले साल शिकागो और वालेंसिया मैराथन में भी जीत दर्ज की थी। बोस्टन मैराथन 2025 में शुरुआती गिरावट के बावजूद उन्होंने 2:04:45 का समय निकालते हुए इतिहास का तीसरा सबसे तेज प्रदर्शन किया था। इस बार कोरिर को केन्या के बेन्सन किप्रूटो, तंजानिया के अल्फोंस फ़ेलिक्स सिम्बू और केन्या के साइब्रियन कोटुट से कड़ी चुनौती मिलेगी। किप्रूटो, जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी मैराथन भी जीती है, 2:02:16 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ इस रेस के सबसे तेज धावक हैं। महिला वर्ग में शेरोन लोकेडी भी खिताब बचाने उतरेंगी। उन्होंने पिछले साल 2:17:22 का समय निकालकर कोर्स रिकॉर्ड तोड़ा था और हेलेन ओबिरी के दो साल के दबदबे का अंत किया था। लोकेडी को इस बार केन्या की इरीन चेप्ताई और इथियोपिया की वर्केनेश एदेसा से चुनौती मिलेगी, जिन्होंने हाल के मैराथन में शानदार प्रदर्शन किया है। जॉन कोरिर ने कहा कि इस बार प्रतिस्पर्धा का स्तर काफी ऊंचा है और अगर सब कुछ सही रहा तो वह कोर्स रिकॉर्ड को भी चुनौती देने की कोशिश करेंगे। बोस्टन मैराथन 2026 में दुनिया के शीर्ष धावकों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी, जहां तेज समय और नए रिकॉर्ड बनने की पूरी संभावना है।

# आईपीएल 2026: प्रिंस यादव पर्पल कैप की टॉप-3 में पहुंचे, ऑरेंज कैप रेस भी हुई दिलचस्प

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को खेले गए दो मुकाबलों के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कई खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दोनों लीडरबोर्ड को और रोमांचक बना दिया है। पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबले में प्रिंस यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2/25 के आंकड़े दर्ज किए। इस मैच में कुल 454 रन बने, लेकिन इसके बावजूद प्रिंस ने किफायती गेंदबाजी की। इस प्रदर्शन के साथ प्रिंस यादव इस सीजन में 11 विकेट तक पहुंच गए हैं और पर्पल कैप की सूची में टॉप-3 में शामिल हो गए हैं। उनके विकेट गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर हैं, लेकिन बेहतर इकॉनमी रेट के कारण प्रिंस



आगे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज 13 विकेट के साथ अब भी शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई 10 विकेट लेकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार भी शीर्ष गेंदबाजों में शामिल हैं। इसके अलावा जोफ्रा आर्चर और कोलकाता नाइट राइडर्स के कार्तिक त्यागी समेत कई गेंदबाज 8-8 विकेट लेकर प्रतिस्पर्धा को कड़ा बना रहे हैं। ऑरेंज कैप की सूची में टॉप-3 स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन, गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल और आरसीबी के विराट कोहली क्रमशः पहले तीन स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी 46 रनों की पारी के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंजाब किंग्स के कूपर कोनॉली ने 46 गेंदों में 87 रन बनाकर छठा स्थान हासिल किया है। उनके साथ राजस्थान के यशस्वी जायसवाल भी 223 रनों के साथ बराबरी पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ईटीपीएल में ग्लास्गो टीम की घोषणा, क्रिस गेल और मुगाफी ग्रुप होंगे मालिक

**मुंबई।** पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) ने सोमवार को स्कॉटलैंड की 'ग्लास्गो मुगाफियंस' फ्रेंचाइजी की घोषणा की जिसमें वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के सह स्वामित्व वाली ईटीपीएल का पहला सत्र 26 अगस्त से 20 सितंबर के बीच खेला जायेगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी के बीच 33 मैच छह शहरों ग्लास्गो, एम्सटर्डम, एडिनबर्ग, डबलिन, बेलफास्ट और रोटरडम में खेले जायेंगे। लीग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ग्लास्गो टीम का स्वामित्व तंशा बत्रा के पास होगा जबकि मुगाफी ग्रुप संस्थापक साझेदार रहेगा। गेल इसके सह मालिक और वैश्विक ब्रांड दूत होंगे। ग्लास्गो टीम के बारे में अभिषेक ने कहा ,'' हम मुगाफी ग्रुप और क्रिस गेल का इस सफर में स्वागत करते हुए आनंदित हैं। यूरोप क्रिकेट के लिये सबसे रोमांचक नये क्षेत्रों में से एक है जहां खेल संस्कृति, विविधता और अपार संभावनायें हैं। हम इस लीग के माध्यम से नयी प्रतिभाओं को मंच देंगे और यूरोप को विश्व क्रिकेट का केंद्र बनायेंगे।'' वहीं गेल ने कहा ,'' ईटीपीएल की विश्व स्तर पर चर्चा हो रही है। मैने दुनिया भर में फ्रेंचाइजी लीग खेला है और मुझे यकीन है कि यह लीग खास होगी। मुगाफी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ विपुल अग्रवाल ने कहा ,'' दुनिया भर में क्रिकेट के प्रशंसकों की संख्या बढ रही है। यूरोप की पहली मान्यता प्राप्त लीग में गेल जैसे बड़े नाम के साथ फ्रेंचाइजी में शुरूआती निवेश सुनहरा मौका है।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया का 2026 में मिनी की बिक्री को दोगुना करने का लक्ष्य: सीईओ

**नयी दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ( सीईओ) हरदीप सिंह बरार ने सोमवार को कहा कि कंपनी इस साल अपने प्रीमियम ब्रांड मिनी की बिक्री को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के अनुसार, यह लक्ष्य उत्पादों की बढ़ी हुई श्रृंखला, स्थानीय उत्पादन और बिक्री नेटवर्क के विस्तार के दम पर हासिल किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2025 में मिनी की बिक्री तीन प्रतिशत बढ़कर 730 इकाई रही, जबकि 2026 की जनवरी-मार्च तिमाही में यह 42 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 213 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी इस साल के मध्य तक स्थानीय स्तर पर निर्मित मिनी कंट्रीमैन मॉडल को पेश करने की योजना बना रही है। बराड़ ने कहा, इस साल हमारा लक्ष्य बिक्री को दोगुना करना है। अगर हम इसमें सफल होते हैं, तो यह मिनी के लिए अब तक का सबसे अच्छा वर्ष होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी ने इसके लिए तीन प्रमुख रणनीतियां अपनाई हैं जिसमें उत्पादों की संख्या बढ़ाना, स्थानीयकरण और बिक्री नेटवर्क का विस्तार शामिल है। कंपनी की इस वर्ष एक नया मॉडल और कुल नौ विशेष संस्करण पेश करने की योजना है। पिछले दो वर्षों में भारत में मिनी के पास सीमित मॉडल उपलब्ध थे, लेकिन पिछले छह महीनों में कंपनी ने मिनी कन्वर्टिबल, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू ऑल4 और मिनी कंट्रीमैन एसई ऑल4 जैसे नए मॉडल पेश कर अपनी पेशकश मजबूत की है।

### लियोन ने पीएसजी को हराकर लेंस की खिताब की उम्मीद जगाई

**पेरिस।** ब्राजील के फॉरवर्ड एंड्रिक ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की, जिससे लियोन ने शीर्ष पर काबिज पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 2-1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल प्रतियोगिता लीग 1 में तीसरा स्थान हासिल करके चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। पीएसजी की इस सत्र में लीग में यह पांचवीं हार है, जिससे दूसरे स्थान पर काबिज लेंस की खिताब जीतने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएसजी अब लेंस से केवल एक अंक आगे है। पीएसजी ने हालांकि उससे एक मैच कम खेला है। पीएसजी के 28 मैच में 63 जबकि लेंस के 29 मैच में 62 अंक हैं। लियोन के 30 मैच में 54 अंक हैं।

### प्रधानमंत्री राजस्थान में देश की पहली एकीकृत रिफाइनरी-पेट्रोरसायन परियोजना का उद्घाटन करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को राजस्थान जाएंगे। अपनी यात्रा के दौरान वह बालोतरा के पचपदरा में स्थित भारत के पहले नए एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोरसायन परिसर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि 79,450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली यह ऐतिहासिक परियोजना भारत के ऊर्जा और पेट्रोरसायन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यह 90 लाख टन सालाना क्षमता वाली रिफाइनरी एवं पेट्रोरसायन परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के रूप में विकसित की गई है। यह अत्याधुनिक संयंत्र तेल शोधन और पेट्रोरसायन उत्पादन को एक साथ जोड़ता है, जिसकी पेट्रोरसायन उत्पादन क्षमता 24 लाख टन प्रति वर्ष है। इस रिफाइनरी का नेल्सन जटिलता सूचकांक 17.0 है और पेट्रोरसायन उत्पादन का हिस्सा 26 प्रतिशत से अधिक है, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप है।

### जिंदल स्टेनलेस स्टील खुदरा बाजार में उतरी, निर्माण क्षेत्र में बढ़ाया दायरा

**नयी दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस स्टील लिमिटेड ने सोमवार को 'जिंदल इन्फिनिटी' नाम से स्टेनलेस स्टील सरिया पेश करते हुए खुदरा बाजार में प्रवेश की घोषणा की। यह कदम निर्माण क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में कंपनी की मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में एक रणनीतिक विस्तार है। इस पहल के जरिये कंपनी अब अपने पारंपरिक कारोबार से कारोबार मॉडल से आगे बढ़कर सीधे अंतिम उपभोक्ताओं, बिल्डर और निर्माण कार्य से जुड़े कारीगरों तक पहुंच बना सकेगी।

# होर्मुज पर टेंशन हाई से कच्चा तेल उछला ब्रेंट क्रूड का भाव 96.27 डॉलर प्रति बैरल

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के लगभग बंद होने से कच्चा तेल में उबाल देखने को मिल रहा है। सोमवार को शरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड का भाव 6.5 फीसदी उछलकर 96.27 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 7.5 फीसदी की बढ़त के साथ 90 डॉलर प्रति बैररल पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई बाधित होने की आशंका के बीच अमेरिकी बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड और अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड दोनों की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। कारोबार के दौरान डब्ल्यूटीआई क्रूड 5.20 डॉलर यानी 6.20 फीसदी की उछाल के साथ 89.05 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं,



ब्रेंट क्रूड भी 4.81 डॉलर यानी 5.32 फीसदी की बढत के साथ 95.19 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इससे साफ है कि वैश्विक बाजार में तनाव का असर तेजी से दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में लगातार उतार-चढाव दखेने को मिल रहा है।

## असंवैधानिक घोषित ट्रंप के शुल्कों पर रिफंड के दावे की प्रक्रिया सोमवार से हो रही प्रारंभ

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों को उच्चतम न्यायालय द्वारा असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद इन शुल्कों की वापसी (रिफंड) के लिए दावा दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो रही है। 'अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी)' के अनुसार, आयातक और उनके एजेंट सोमवार सुबह आठ बजे से एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रिफंड का दावा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया उन कंपनियों के लिए है, जिन्होंने पहले शुल्क के रूप में भुगतान किया था। सीबीपी ने बताया कि स्वीकृत दावों पर रिफंड जारी होने में 60 से 90 दिन का समय लग सकता है। प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी, जिसमें पहले हाल के भुगतान शामिल होंगे। इस निर्णय के बाद कुछ मामलों में उपभोक्ताओं को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने की संभावना है।

## राही ग्रुप की अगले तीन वर्षों में 600 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना: सीएमडी

नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी राही ग्रुप अगले तीन वर्षों में परिचालन बढ़ाने और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के लिए 600 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि समूह विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में 400 से 500 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखता है। राही ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप खेतान ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि इस विस्तार योजना के तहत राही इंफ्राटेक लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी राही ट्रैक टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ओडिशा में 200 करोड़ रुपये की लागत से एक 'फाउंड्री' स्थापित कर रही है। यहां मैंगनीज और इस्पात की ढलाई से बने पुर्जों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, समूह की प्रमुख कंपनी राही इंफ्राटेक लिमिटेड अगले तीन वर्षों में हर साल 60 से 70 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी, जिससे उसकी बुनियादी ढांचा क्षमताओं को और मजबूत किया जाएगा। समूह अपनी अनुषंगी कंपनी पैंड्रोल राही टेक्नोलॉजीज में भी लगभग 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इस निवेश से आधुनिक रेलवे ट्रैक को जोड़ने और सुरक्षित रखने वाले उपकरण, प्लास्टिक के पुर्जे और अन्य उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाने के लिए एक अलग उत्पादन इकाई स्थापित की जाएगी। खेतान ने कहा कि ये निवेश कंपनी की दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप हैं, जिनका उद्देश्य क्षमता बढ़ाना, उत्पादों का विस्तार करना और रेलवे तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि कंपनी पर्यावरण अनुकूल रेल समाधानों पर भी ध्यान दे रही है।

## अमेरिका के साथ आर्थिक संबंध अब कमजोरी, सुधार जरूरी: कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी

वैंकूवर। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने रविवार को जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि अमेरिका के साथ कनाडा के मजबूत आर्थिक संबंध, जो पहले एक ताकत माने जाते थे, अब कमजोरी बन गए हैं और इसमें सुधार की आवश्यकता है। कार्नी ने 10 मिनट के इस संबोधन में कहा कि सरकार कनाडा की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, नए निवेश आकर्षित करने और अन्य देशों के साथ व्यापार समझौते करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'दुनिया अधिक असुरक्षित और विभाजित हो गई है। अमेरिका ने व्यापार के प्रति अपना रुख पूरी तरह बदल दिया है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में आज सांकेतिक कमजोरी नजर आ रही है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी के भाव में आए उछाल के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,55,920 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,940 रुपये



प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,55,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,56,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,43,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,55,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,42,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बांगरमऊ के लाल अपूर्व शुक्ला ने बढ़ाया मान, भारत सरकार ने किया सम्मानित


















## अपूर्व शुक्ल पूर्व में भारतीय वायु सेना में भी रहकर नगर का मान बड़ा चुके हैं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांगरमऊ, उन्नाव। नईदिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'साधना सप्ताह 2026' के दौरान क्षेत्र के लिए गौरवशाली क्षण आया, जब बांगरमऊ नगर निवासी अपूर्व शुक्ला को भारतीय रेलवे में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट (IRITM), लखनऊ को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। यह सम्मान संस्थान को उसके तकनीकी नवाचार और कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, जितेंद्र सिंह द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार ग्रहण करने के लिए मंच पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार और IRITM के महानिदेशक रंजन प्रकाश ठाकुर मौजूद थे। ?सबसे गर्व की बात यह है कि इस विशेष पुरस्कार को प्राप्त करने वाली मुख्य टीम में बांगरमऊ नगर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता तथा समाजसेवी शैलेंद्र कुमार शुक्ला के बड़े पुत्र तथा उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ के अधिवक्ता अनुभव शुक्ला के बड़े भाई होनहार युवा अपूर्व शुक्ला भी शामिल रहे। अपूर्व की इस उपलब्धि से न केवल रेलवे विभाग में उनका कद बढ़ा है, बल्कि उनके पैतृक निवास बांगरमऊ में भी खुशी की लहर दौड़ गई है। जैसे ही यह समाचार बांगरमऊ पहुंचा, अपूर्व शुक्ला के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्थानीय नागरिकों और शुभचिंतकों ने उनके परिजनों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों का कहना है कि अपूर्व ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से उन्नाव जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

# शाहजहांपुर को मिली 47 करोड़ की सौगात, परिवहन एवं वित्त मंत्री ने 4 बड़ी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं राज्य मंत्री परिवहन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने सोमवार को शाहजहांपुर में 47 करोड रुपए की लागत की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया तथा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर बस अड्डे से बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। आयोजित समारोह में 1894.83 लाख रुपए से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पूर्व निर्मित बस स्टेशन के सौन्दर्याकरण कार्य, 1248.51 लाख रुपए से लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी सैटेलाइट बस अड्डा के निर्माण कार्य, 1059.53 लाख रुपए से कार्यशाला का निर्माण कार्य तथा 239.44 लाख रुपए से डिटेन्शन एवं डम्पिंग यार्ड के निर्माण कार्य का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। नवनिर्मित सैटेलाइट बस अड्डे का नाम महान समाजसेवी एवं आदर्श शासक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के सम्मान में रखा गया है। परिवहन मंत्री ने कहा कि शाहजहांपुर में लंबे समय से एक सुव्यवस्थित बस अड्डे की आवश्यकता थी। पुराना बस अड्डा अत्यधिक भीड़भाड़ एवं संकरे क्षेत्र में स्थित होने के कारण यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि इस नए बस अड्डे से शाहजहांपुर को बरेली, लखनऊ, सीतापुर एवं दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों से सुगमता से जोड़ा जाएगा। यात्रियों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि कांट, पुवाया, तिलहर में बस अड्डे, डंपिंग यार्ड का कार्य एवं जनपद स्तर पर ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं रिसर्च सेंटर निर्माण कराया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि 47 करोड रुपए की लागत से चार परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है , यह जिले के लिए बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि इस बस अड्डे के निर्माण से चारों तरफ कनेक्टिविटी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर आज बस अड्डा बनाया गया है, वहां पहले अत्यंत खराब स्थिति थी। वह क्षेत्र एक बड़े गड्ढे के रूप में था, जहां जलभराव की समस्या बनी रहती थी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि स्वच्छता की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस बस अड्डे से जिले की कनेक्टिविटी लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई एवं बरेली से और बेहतर होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत जिले के विकास के लिए लगभग 350 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से बरेली मोड़ से सुभाष नगर होते हुए रिंग रोड तक सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। शहर के सौंदर्यीकरण हेतु सड़कों के किनारे पट्टी विकसित की गई है जिस पर अतिक्रमण न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण न करने से सड़कों को चौड़ा एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि शहर में 1500 लोगों की क्षमता वाला एक आधुनिक ऑडिटोरियम भी बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लगभग 403 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य प्रस्तावित/प्रगति पर है, जो शाहजहाँपुर से होकर गुजरेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले भारत लगभग 86 प्रतिशत पेट्रोलियम पदार्थों का आयात करता था, किन्तु अब एथनॉल मिश्रण को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में पेट्रोल में लगभग 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाया जा रहा है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो रही है और एथनॉल उत्पादन को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए लगभग 130 करोड़ रुपये की सब्सिडी स्वीकृत की गई है, जो नवंबर तक प्राप्त हो चुकी है। हाइब्रिड वाहनों के पंजीकरण में भी छूट दी जा रही है। इन पहलों से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बहुआयामी रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर अपराजिता सिंह, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीसी राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, नगर आयुक्त सौम्या गुरु रानी अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, आरएम रोडवेज रमेश कुमार एवं एआरएम अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालयः 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालयः 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# रायबरेली में पूर्व सैनिक को डिजिटल अरेस्ट कर ठग लिए 82 लाख, पुलिस ने 31 लाख रुपये किये फ्रीज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



रायबरेली। उत्तर प्रदेश के जनपद रायबरेली में सीबीआई अफसर बताकर साइबर ठगों ने पूर्व फौजी दंपत्ति को छह दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके 82 लाख ठग लिए। पुलिस ने शिकायत मिलने पर जांच शुरू कर दी है और सर्विलांस से नंबरों और बैंक खातों को खंगाला जा रहा है। करीब 31 लाख को फ्रीज करने में पुलिस को सफलता मिली है।

रायबरेली के शहर कोतवाली क्षेत्र के सम्राट नगर निवासी सेवानिवृत्त सैनिक सूर्यभान सिंह और उनकी पत्नी गायत्री देवी पर काला धन रखने और आतंकियों से संबंध होने का आरोप लगाते हुए साइबर अपराधियों ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और दंपत्ति को छह दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा और यही नहीं अपराधियों ने आतंकवादियों से संबंध और अवैध धन रखने के आरोप में पूरे परिवार को जेल भेजने की धमकी देकर बंधक बनाए रखा और किसी से मिलने जुलने नहीं दिया। साइबर अपराधियों ने दंपत्ति को लगातार वीडियो कॉल पर रखा गया और किसी से संपर्क न करने की सख्त हिदायत दी गई। डर और दबाव में आकर पीड़ित ने 11 से 16 अप्रैल के बीच कई किश्तों में लगभग 82.50 लाख रुपये अलग- अलग खातों में राशि ट्रांसफर कर दी। यह पैसा इंडसइंड बैंक नोएडा और यस बैंक की पश्चिम बंगाल स्थित शाखाओं के खातों में आरटीजीएस के जरिये भेजा गया है। ठगों के चंगुल से मुक्त होने के बाद पीड़ित दंपत्ति पुलिस अधीक्षक रवि कुमार से मुलाकात कर खुद के ठगे जाने की घटना बतायी और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बताया कि त्वरित कार्यवाही करते हुए करीब 31 लाख रुपये होल्ड करा दिए गए हैं, जबकि आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# कानपुर के श्री सिद्ध विनायक मंदिर से मुकुट चुराने वाले मुस्लिम दंपति समेत तीन गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। उत्तर प्रदेश में जनपद कानपुर के हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र में घण्टाघर स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर से सात मुकुट चोरी करने वाले मुस्लिम दंपति समेत तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें चोरी का सामान खरीदने वाला एक शातिर अपराधी भी शामिल है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 11 अप्रैल को सिद्धिविनायक गणेश मंदिर से स्कूटी सवार दंपति पहले तो मंदिर पहुंचा। इसके बाद दूसरी मंजिल पर जाकर भगवान के पांच बड़े और दो छोटे समेत सात मुकुट लेकर फरार हो गया। शाम को जब मंदिर कमेटी के सदस्य मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि भगवान के मुकुट गायब हैं। इसके बाद जब सीसीटीवी फुटेज देखे गए तो उसमें मुकुट चोरी होने की पुष्टि हुई। आनन-फानन घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सर्विलांस की सहायता से चोरों की तलाश शुरू की तो पता चला कि दंपति जिनके साथ एक बच्चा भी था। युवक सिर पर हेलमेट लगाए था। उसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने स्कूटी की नंबर प्लेट सहायता से आरोपित तक पहुंच गई और उसे जनपद कासगंज से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा शातिर चोर ने जिस सर्राफ को यह मुकुट बेचे थे उसे भी पकड़ लिया है। उसने मुकुट को गलाकर बिस्कुट में तब्दील कर दिया था। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में मजिद अंसारी उर्फ माजिद अंसारी (38), उसकी पत्नी अंजुम परवीन (32), और जावेद अहमद (35) शामिल हैं। तीनों कासगंज जिले के रहने वाले हैं। उनके पास से 23,200 नगद और 154 ग्राम का चांदी का बिस्कुट भी बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने बताया कि चोरी करने के एक दिन पहले वह पत्नी और बच्चे के साथ झारखंड जा रहा था कि तभी रास्ते में उसका एक्सीडेंट हो गया। इसमें उसे काफी चोटे आई और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया था। ऐसे में उसे कुछ समझ में नहीं आया इसलिए उसने इस नुकसान की भरपाई करने के उद्देश्य से गणेश मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

# चार वर्ष की मासूम भांजी के साथ बलात्कार कर हत्या करने वाला 50 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद में थाना टीला मोड़ क्षेत्र में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या करने वाले कलयुगी मामा को पुलिस ने रविवार की देर रात को हुई एक साहसिक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया है। इसके दो साथी फरार हो गए हैं। इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम दर्ज था। मुठभेड़ के दौरान दो पुलिसकर्मियों को गोली लगी है। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मौके से तीन तमंचे, कारतूस, व बाइक बरामद की है। पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने बताया कि थाना टीला मोड़ क्षेत्र में 11 अप्रैल को दोपहर लगभग 12 बजे सगे मामा ने अपनी चार साल की भांजी को उसके घर के बाहर से आइसक्रीम दिलवाने का लालच देकर अगवा कर लिया था। आरोपी बच्ची को अपने कमरे पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी बच्ची के शव को कंधे पर लाद कर कमरे से निकला और शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में 80 फुटा रोड पर कचरे के ढेर के पास खड़ी कार के नीचे शव को छिपाकर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को वहां से बरामद कर लिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म और गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। बच्ची के नाजुक अंगों पर भी दरिंदगी के निशान मिले थे। उन्होंने बताया कि बच्ची के परिजनों की शिकायत पर सगे मामा जसीम उर्फ छोटू निवासी सिसौली, मुजफ्फरनगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी। दो दिन पहले पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर देखा गया है। पुलिस उपायुक्त अपराध ने बताया कि रविवार देर रात को सूचना मिली की आरोपी भागने की फिराक में है और टीला मोड़ क्षेत्र में ही छिपा है। वह बंथला नहर के पास किसी से मिलने जाने वाला है। इस पर क्राइम ब्रांच, स्वाट टीम और टीला मोड़ थाना पुलिस ने दिल्ली जाने वाले कई रास्तों पर चेकिंग शुरू की। देर रात बंथला नहर वाले रास्ते पर पुलिस को एक बाइक पर तीन लोग आते दिखे। पुलिस ने बाइक को रुकने का इशारा किया। इस पर बाइक चालक ने बाइक मोड़ ली और भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो बाइक सवारों ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। इसमें स्वाट टीम के दो मुख्य आरक्षी इकबाल और अमित गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। पुलिस की गोली लगने से एक बाइक सवार गिर गया, जबकि दो अन्य बाइक छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकले। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल आरोपी को अस्पताल भिजवाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक बदमाश की पहचान जसीम उर्फ छोटू के रूप में हुई, जिसने भांजी के साथ दरिंदगी कर उसकी हत्या कर दी थी। दोनों पुलिसकर्मियों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। फरार दो आरोपियों को पुलिस तलाश रही है। आरोपी जसीम पहले भी जेल जा चुका है। उसे मुजफ्फरनगर पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद ही वह परिवार को छोड़कर भांजी के घर के पास किराये का मकान लेकर रहने लगा था। पुलिस को बच्ची के शव के पास सीरिंज और नशीला दवा मिली थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे का आदी था और उसने नशे में ही वारदात को अंजाम दिया था। जसीम की गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

## श्रुति शर्मा ने देवरिया में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रुप में 19 माह तक दी सेवाएं, अब हापुड़ में विकास को देंगी गति

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में हुए बड़े प्रशासनिक फ़ेरबदल के तहत देवरिया में तैनात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा का तबादला कर उन्हें हापुड़ का मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बनाया गया है। यह स्थानांतरण शासन ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया है। श्रुति शर्मा ने देवरिया जनपद में करीब 19 माह तक ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रुप में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों को गति देने, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल को जिले में सक्रिय, संवेदनशील और परिणामोन्मुख प्रशासन के रूप में देखा गया। कई योजनाओं की जमीनी निगरानी और अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत किया। वर्ष 2022 बैच की आईएएस अधिकारी श्रुति शर्मा शैक्षणिक रूप से भी उत्कृष्ट रही हैं। अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव के बल पर उन्होंने सेवा के शुरुआती दौर में ही अपनी कार्यक्षमता का प्रभाव छोड़ा। उन्होंने 30 अगस्त 2024 को देवरिया में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जिले में कई जनहितकारी पहलों को आगे बढ़ाया और शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया।

# दीपक राज के नेतृत्व में आईआईटी कानपुर फाउंडेशन को मिलेगी नई दिशा : प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। दीपक राज कई दशकों से आईआईटी कानपुर के मजबूत सहयोगी रहे हैं और वैश्विक वित्त व सार्वजनिक सेवा में उनका अनुभव हमारे छात्रों के लिए प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में फाउंडेशन को नई दिशा और गति मिलेगी और संस्थान की प्रगति और तेज होगी। यह बातें सोमवार को आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल ने कही। वे दीपक राज नियुक्ति पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर फाउंडेशन ने वॉल स्ट्रीट के अनुभवी वित्त विशेषज्ञ और परमार्थी दीपक राज को अपने निदेशक मंडल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब फाउंडेशन वैश्विक स्तर पर अपनी रणनीतिक पहलों को विस्तार दे रहा है। दीपक राज चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ इस भूमिका में आए हैं। वे राज एसोसिएट्स के संस्थापक और मेरिल लिंच में ग्लोबल इक्विटी रिसर्च के पूर्व प्रमुख रह चुके हैं। उनके नेतृत्व से फाउंडेशन की एंडोमेंट और अनुसंधान सहयोग योजनाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार रंजन ने कहा कि दीपक राज का अनुभव और विभिन्न सामाजिक संगठनों में उनकी भूमिका संस्थान के वैश्विक मिशन को आगे बढ़ाने में अहम साबित होगी। उन्होंने अलग-अलग लोगों को एक साझा उद्देश्य से जोड़ने की अपनी क्षमता पहले ही साबित की है। दीपक राज ने कहा कि आईआईटी कानपुर ने उनके पेशेवर जीवन की मजबूत नींव रखी है और वे वैश्विक पूर्व छात्र समुदाय को जोड़ते हुए संस्थान की भविष्य दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे न्यू जर्सी स्थित निजी निवेश फर्म राज एसोसिएट्स के प्रबंध निदेशक हैं और न्यू जर्सी स्टेट इन्वेस्टमेंट काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। आईआईटी कानपुर फाउंडेशन एक अमेरिका-स्थित गैर-लाभकारी संस्था है, जो संस्थान के लिए फंडिंग, अनुसंधान और छात्रवृत्ति जैसी परियोजनाओं में सहयोग प्रदान करती है।